दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2020, आश्विन शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-252 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पर्व प्रधान हमारे देश में कोरोना ने सभी त्यौहारों के रंग फीके कर दिए हैं। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली और छठ पर्व भी तरह तरह की बंदिशों के बीच मनाना होगा। केन्द्रिय स्वास्थय मंत्रालय ने इन पर्वो के दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसका मतलब साफ है कि कोरोना का कहर बदस्तूर जारी है। समझदारी इसी में है कि हम सब इन दिशा निर्देशों का इमानदारी पूर्वक पालन करें। सरकार को सख्ती बरतने पर विवश न करें। त्यौहार तो हर साल आते है, फिर आएंगे लेकिन जिंदगी नहीं मिलेगी दुबारा।

बीके इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर विजय गुप्ता ने कहा

दावा... 95 प्रति वर्क पूरा किया तो पेमेंट मिली, फिर भी बैंक गारंटी की गई सीज!

■ डायरेक्टर का आरोप अपने लोगों को काम देने एनएमडीसी का हथकंडा

■ ठेका कार्य महज 5 प्रतिशत बकाया, कोविड की वजह से हुई लेबर दिक्कत

नव प्रदेश फॉलोअप

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। सूबे की लौह नगरी भिलाई के सबसे प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने बीके इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन ने एनएमडीसी पर ही आरोप लगाया है। काम और पैसा पूरा करने का दावा करते हुए कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर विजय गुप्ता का कहना है कि महज 5 फीसदी काम बकाया है और करीब साढ़े 7 करोड़ रुपए औसत राशि भी। बकाया काम में लेटलतीफी की वजह कोविड के कारण लेबर नहीं मिलना बड़ी दिक्कत बताया।

एनएमडीसी के नगरनार में स्थापित होने वाले स्टील प्लांट के निर्माण कार्य में आई रुकावट के बाद ठेका कंपनी बीके इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन के बीच तलवारें खिंच गई हैं। कॉर्पोरेशन का मुख्यालय दिल्ली में है। डायरेक्टर विजय गुप्ता के अलावा भी नगरनार के स्टील प्लांट निर्माण कार्य में अन्य पार्टनर भी हैं। जानकारी के मुताबिक करीब 30 महीने में तकरीबन 150 करोड़ का प्लांट निर्माण करना था। तय मियाद से भी ज्यादा लेटलतीफी होने की वजह से एनएमडीसी ने अनुबंध तो खत्म किया ही चेतावनी के बाद बीके इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन की 15 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी भी सीज कर लिया।

इसके उलट कंपनी के डायरेक्टर विजय गुप्ता का कहना है कि निर्माण कार्य की पेमेंट 95 फीसदी उन्हें मिल चुकी है। पेमेंट मिली है तो कार्य भी उनकी कंपनी ने किया है। रही बात बकाया 5 प्रतिशत काम पूरा करने में लेटलतीफी की तो कोविड-19 की वजह से काम की रफ्तार थम गई। यूपी-बिहार से लेबर नहीं मिले और मेन पॉवर कम होने की वजह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिस के जवान प्राणों की आहूति देकर हर चुनौती का बहादुरी से करते हैं सामना : उइके

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। पुलिस के जवानों ने अपने प्राणों की आहूति देकर विपरीत परिस्थितियों में भी हर चुनौतियों का सामना बहादुरी से किया है। आज का दिन उन वीर जवानों की शौर्य गाथाओं की याद दिलाता है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया। इस अवसर पर मैं उन वीर सपूतों को नमन करती हूं। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कही। वे बुधवार को चौथी वाहिनी सीएएफ माना रायपुर के प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपना संबोधन दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि पुलिस का सूत्र वाक्य परित्राणाय साधुनाम है, गीता के इस वाक्य को पुलिस के वीर जवानों ने सार्थक सिद्ध किया है। ऐसे वीर सपूतों को जन्म देने वाले माता-पिता तथा उनके परिजनों को मैं प्रणाम करती हूं। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री उइके, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस के शहीद जवानों को पुष्पचक्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बुधवार को राजीव स्मृति वन स्थित शहीद वाटिका के अमर जवान स्तंभ में पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

जनता और देश की हिफाजत के लिए समर्पित : सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पुलिस या विभिन्न सुरक्षा बलों में तैनात जवान स्वयं की जान की परवाह किए बिना जनता और देश की हिफाजत के लिए समर्पित होते हैं। उनके जज्बे से ही समाज में उनका सम्मान सुनिश्चित होता है। इसलिए उनका कार्य रोजगार के अन्य अवसरों से भिन्न एवं अधिक प्रतिष्ठित होता है। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मैं सभी सुरक्षा बलों में तैनात जवानों के प्रति अपनी सहभागिता, शहीदों के प्रति कृतज्ञता और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि यह अवसर एक ओर जहां देश सेवा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने के सर्वोच्च बलिदान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुलिसकर्मियों का बलिदान और सेवा सदैव स्मरणीय रहेगी: मोदी

***नई दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 'पुलिस स्मृति दिवस' पर कर्तव्य के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका बलिदान और सेवा सदैव स्मरणीय रहेगी। श्री मोदी ने आज 'पुलिस स्मृति दिवस' पर शहीद पुलिसकर्मियों की शहादत को स्मरण करते हुए ट्वीट किया, पुलिस स्मृति दिवस देशभर के हमारे पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के प्रति आभार व्यक्त करने का दिवस है। हम इस दिन अपने कर्तव्य के लिए शहीद हुए सभी पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उनका बलिदान और सेवा सदैव स्मरणीय रहेगी।*

सीएम बघेल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

■ अधिशेष चावल से एथेनॉल उत्पादन की दर 54 रू. 87 पैसे प्रति लीटर निर्धारित करने के निर्णय के लिए दिया धन्यवाद

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ सरकार प्रयासों के फलस्वरूप अधिशेष चावल से एथेनॉल उत्पादन की दर 54 रूपए 87 पैसे प्रति लीटर निर्धारित करने के निर्णय के लिए धन्यवाद दिया है साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ के किसानों से खरीदे गए अधिशेष धान को सीधे एथेनॉल संयत्रों को जैव ईधन उत्पादन की अनुमति प्रदान करने की मांग भी की है, जिससे राज्य में लगने वाले एथेनॉल संयंत्रों को किसानों द्वारा सीधे धान का विक्रय किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र में लिखा है - छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय जैव नीति 2018 एवं उसके लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में जैव ईंधन के उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य में उत्पादित अतिरिक्त धान से बायो-एथेनॉल उत्पादन की अनुमति के लिए विगत 18 माह से लगातार प्रयास किए गए।

पालघर लिंचिंग केसः 218 नए लोगों को बनाया गया आरोपी, 50 गिरफ्तार

मुंबई ए.। महाराष्ट्र के पालघर में अप्रैल महीने में हुए लिंचिंग मामले में राज्य क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने बुधवार को 218 नए आरोपियों को नामजद और 50 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए 50 लोगों को गुरुवार को दहानू कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। पालघर लिंचिंग मामले में अब तक 376 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें से 11 नाबालिग हैं। हालांकि, 28 आरोपियों और 9 नाबालिगों को जमानत पर छोड़ा जा चुका है। इस बीच, मामले के 62 आरोपियों की जमानत याचिका पर गुरुवार को ठाणे में विशेष सत्र न्यायाधीश पीपी जाधव सुनवाई करेंगे। बता दें कि इस साल अप्रैल में पालघर में दो साधुओं की मॉब लिंचिंग में हत्या कर दी गई थी। इस मामले के खिलाफ पूरे देशभर में लोगों का गुस्सा फूटा था। सामने आए वीडियो में घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों पर भी सवाल उठे थे।

खास- खबर

जम्मू कश्मीर में सेब की खरीद को केंद्र सरकार की मंजूरी

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत वर्ष 2020..21 में जम्मू कश्मीर में सेब की खरीद करने का निर्णय किया है। यह खरीद पिछले साल की शर्तो पर ही की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुयी केंद्रीय मंत्रिमंडल बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) राज्य एजेंसियों के सहयोग से सेब की खरीद करेगा। किसानों को उनके बैंक खातों में सेब मूल्य का हस्तान्तरण किया जायेगा। करीब 12 लाख टन सेब की खरीद इस योजना के तहत किया जा सकता है।

भारत ने चीन के सैनिक को लौटाया

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय सेना ने हाल ही में पूर्वी लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में पकड़े गए एक चीनी सैनिक को बुधवार को उसके अधिकारियों को सौंप दिया। पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव और गतिरोध के बीच चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के सैनिक को चशुल मोल्दो मीटिंग प्वाइंट पर पड़ोसी देश के हवाले कर दिया गया।

संजय दत्त ने दी कैंसर को मात

नई दिल्ली ए.। बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने कैंसर से जंग जीत ली है। इसकी जानकारी एक्टर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर फैन्स को दी। संजय दत्त ने लिखा कि भगवान भी सबसे मजबूत सैनिक को लड़ने के लिए सबसे कठिन लड़ाई देते हैं।

शेयर बाजार

संसेक्स- 40707.31
निफ्टी- 11937.65
गोल्ड- 51305 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 63776 (1 कि ग्रा.)

7 साल पुराने आपराधिक मामले में पूर्व मंत्री बृजमोहन समेत अन्य को राहत

■ टीवी डिबेट के दौरान तोड़फोड़ के बाद किरणमयी ने की थी रिपोर्ट

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। पूर्व मंत्री और रायपुर दक्षिण विधानसभा के विधायक बृजमोहन अग्रवाल व उनके समर्थकों को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में पेश होने के बाद जमानत-मुचलके पर छोड़ दिया गया। दरअसल मामला 7 साल पुराना चुनावी बहस के वक्त हुई तोड़फोड़ और हंगामे से संबंधित है। उस वक्त टीबी डिबेट चल रहा था और मौके पर बृजमोहन अग्रवाल तथा पूर्व महापौर व महिला आयोग की अध्यक्षा किरणमयी नायक भी उपस्थित थीं। तभी बहस के दौरान दोनों तरफ के समर्थकों ने हंगामा शुरु कर दिया। काफी हंगामा, नारेबाजी देखते ही देखते तोड़फोड़ में बदल गई थी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला भी दर्ज करवाया था। मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष-2013 के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुको के आदेश के बाद वारंटी माननीयों को होना होगा पेश

बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने सांसद और विधायकों के खिलाफ दर्ज प्रकरणों की जल्द सुनवाई के आदेश दिए हैं। इसके बाद देशभर में विधायक-सांसदों के खिलाफ दर्ज अपराधिक प्रकरणों की सुनवाई हो रही है। यही वजह है कि पुराने प्रकरण पर बृजमोहन अग्रवाल को जमानत लेने अदालत पहुंचना पड़ा।

आईएनएस कवराती नौसेना बेड़े में आज होगा शामिल

नई दिल्ली (वार्ता)। सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे बारूदी सुरंग रोधी प्रणाली से लैस स्वदेशी स्टील्थ युद्धपोत आईएनएस कवराती को गुरूवार को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। यह युद्धपोत प्रोजेक्ट 28 (कार्मोता श्रेणी) के तहत बनाया गया है। युद्धपोत का डिजायन नौसेना के डिजायन महानिदेशालय ने तैयार किया है और इसे गार्डन रिच शिपबिल्डर एंड इंजीनियर्स ने बनाया है। यह युद्धपोत नौसेना और इसे बनाने वाली कंपनी की देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढती क्षमता का प्रतीक है । इस युद्धपोत में इस्तेमाल की गयी 90 प्रतिशत चीजें स्वदेशी हैं। इसमें लगाये गये सेंसर और हथियार भी मुख्य रूप से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्रीय कर्मचारियों को मिला दिवाली 'गिफ्ट'

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र सरकार ने त्यौहारी सीजन में बाजार को गति देने के लिए 30 लाख 70 हजार गैर राजपत्रित केंद्रीय कर्मचारियों को 3737 करोड़ रुपए का बोनकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उत्पादकता और गैर उत्पादकता आधारित यह बोनस वित्त वर्ष 2019 - 20 के लिए होगा और इसकी अदायगी विजयदशमी से पहले हो जाएगी। बोनस का भुगतान कर्मचारियों के बैंक खातों में किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उत्पादकता आधारित बोनस रेलवे, डाकतार, रक्षा उत्पाद, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदि के 16.97 लाख कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। इस पर 2791 करोड़ रुपए का व्यय आयेगा। गैर उत्पादकता बोनस केंद्र सरकार के 13.70 लाख कर्मचारियों को मिलेगा और इस पर 946 करोड़ रुपए का व्यय होगा। उन्होंने कहा कि यह पैसा मध्यम वर्ग के पास जाएगा और बाजार मे मांग में इजाफा होगा।

विडम्बना — वायु प्रदूषण में भारत की हालत पाकिस्तान से भी बदतर

2019 में 1.16 लाख नवजातों की प्रदूषण से गई जान : रिपोर्ट

नई दिल्ली ए.। देश में वायु प्रदूषण के कारण नवजातों के जीवन पर पड़ने वाला असर कितना घातक है, इसके संबंध में अमेरिका के एक संस्थान ने अपनी एक रिपोर्ट जारी की है। यूएस के हेल्थ इफेक्ट इंस्टीट्यूट की ओर से जारी स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर-2020 रिपोर्ट में भारत में वायु प्रदूषण और इसके कारण नवजातों की मौत के आंकड़े जारी किए गए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि साल 2019 में 1.16 लाख से अधिक नवजात बच्चों की मौत एयर पलूशन के कारण हुई है। मरने वाले इन सभी बच्चों ने जन्म के एक महीने के भीतर अपनी जान गंवाई है। इस रिपोर्ट में भारत के अलावा नाईजीरिया (67900 मौत), पाकिस्तान (56,700 मौत), इथिपोया (22,900 मौत) जैसे देशों के नाम भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौत के बायोलॉजिकल कारणों पर स्पष्टता से नहीं कहा जा सकता, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुरूप एयर क्वालिटी की जरूरत

इंडियन काउंसिल ऑफमेडिकल रिसर्च के सेंटर ऑफअडवांस रिसर्च ऑन एयर क्वालिटी की निदेशक कल्पना बालकृष्णा का भी कहना है कि अगर देश में डब्ल्यूएचओ के मानकों के हिसाब से एयर क्वालिटी को मेंटेन किया जा सकता तो हम करीब 1.16 लाख बच्चों की जान बचा सकते थे। उन्होंने कहा कि बच्चों की सेहत सुधारने के लिए जो उपाय हम निजी स्तर पर कर सकते हैं, वो करने की कोशिश जरूर होती है लेकिन जब बात प्रदूषण के कंट्रोल की हो तो इसके लिए एक बड़ी जनसंख्या की भागीदारी की जरूरत है। ऐसा ना होने पर देश का एक बड़ा हिस्सा हमेशा खतरे में रहता है। इसके अलावा भारत में बच्चों के जन्म के दौरान कम वजन का होने पर उनकी सेहत पर खतरा हमेशा अधिक होता है। ऐसे में बाहरी कारण ऐसे बच्चों को जल्दी प्रभावित करते भी है।

कराची में विस्फोट, 5 की मौत, 20 घायल

कराची (वार्ता)। पाकिस्तान के कराची में बुधवार को गुलशन-ए-इकबाल के मसकन चौरंगी में दो मंजिला इमारत में विस्फोट हुआ है जिसमें कम से कम की पांच लोगों की मौत हो गई है और 20 अन्य घायल हो गये। डान न्यूज के अनुसार धमाके से आसपास की इमारतों की खिड़कियां भी चकनाचूर हो गई हैं। अधिकारियों के अनुसार सभी घायलों और मृतकों को पटेल अस्पताल ले जाया गया है। विस्फोट के कारणों का हालांकि अभी तक पता नहीं चला है। मुबीना टाउन पुलिस थानाध्यक्ष ने कहा कि यह एक सिलेंडर विस्फोट लगता है।

त्योहारी सीजन में स्टटे बैंक ने सस्ता किया होम लोन

नई दिल्ली (वार्ता)। घर खरीदने वाले लोगों को त्यौहार के अवसर पर और अधिक खुशी प्रदान करने के मकसद से देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आवास ऋण की दरों में 25आधार अंकों तक की रियायत की घोषणा की है।

बैंक ने आज यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि आवास ऋण ग्राहकों को 75 लाख रुपए तक के अपने सपनों का घर खरीदने के लिए 25 आधार अंकों की ब्याज में छूट मिलेगी। यह छूट क्रेडिट स्कोर के आधार पर और योनो के माध्यम से आवेदन करने पर हासिल होगी। हाल ही में घोषित किए गए त्योहारी ऑफरों के तहत एसबीआई देशभर में 30 लाख रुपए से 2 करोड़ रुपए तक के आवास ऋण पर क्रेडिट स्कोर के आधार पर 10 आधार अंक के स्थान पर 20 आधार अंक तक की रियायत प्रदान करेगा। यही रियायत देश के आठ मेट्रो शहरों में 3 करोड़ रुपए तक का आवास ऋण वाले ग्राहकों को भी हासिल होगी। योनो के माध्यम से आवेदन किए जाने पर सभी आवास ऋण के लिए अतिरिक्त 5 आधार अंक की रियायत मिलेगी।

कोविड-19 केयर के प्रयासों को केंद्रीय स्वास्थ्य टीम ने सराहा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। केंद्रीय संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग श्रीमती ऋचा शर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम आज पहुँची। इन्होंने कोविड केयर से जुड़े हुए सेंटर का निरीक्षण किया, साथ ही कोविड केयर से जुड़े हुए अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अब तक कोविड केयर के संबंध में जिले में किये गये कार्यों की जानकारी ली, सुझाव दिये तथा फीडबैक भी लिये। उन्होंने कहा कि केंद्रीय दल का उद्देश्य आपके जिले में कोविड केयर को लेकर किये जा रहे कार्यों को प्रोत्साहित करना है। इसमें हम आपकी किस तरह से और मदद कर सकते हैं यह जानना है। साथ ही कोविड केयर को लेकर आपके फीडबैक भी लेना है। जिससे कोविड से लड़ने के लिए और हेल्थ सिस्टम को और मजबूत करने नीतियां तैयार की जा सकें। संयुक्त सचिव जिला अस्पताल, शंकराचार्य हास्पिटल, जैन समाज के कोविड केयर सेंटर, फीवर क्लीनिक जैसी जगहों में पहुंची और यहाँ मरीजों के लिए किये गए इंतजाम देखे। बैठक में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक, सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिला कोविड-19 केयर अस्पताल शंकराचार्य में विजिट के दौरान संयुक्त सचिव ने अस्पताल के प्रभारी डॉ.अनिल शुक्ला एवं डॉ शुभम सावंत द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आंकड़ों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार अक्टूबर माह में संक्रमण की स्थिति में सुधार हुआ है। टेस्टिंग के आंकड़े देखें तो सितंबर महीने की तुलना में अक्टूबर माह में प्रति सैंपल पाजिटिव मरीजों की संख्या घटी है। उदाहरण के लिए 20 अक्टूबर को 679 रैपिट एंटीजन के सैंपल लिये ÷ए, इसमें पाजिटिव 53 आये। यह प्रतिशत सितंबर की तुलना में काफी घटा है। मरीजों की रिकवरी रेट तेजी से बढ़ी है और डेथ की संख्या भी तेजी से घटी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसका कारण भी पूछा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि इसकी कई संभावित वजह हो सकती है। तेजी से संक्रमण बढ़ते जाने की स्थिति में लाकडाउन लगाने का निर्णय लिया गया जो प्रभावी साबित हुआ। होम आइसोलेशन माडल काफी सफल रहा और यहाँ रिकवरी शानदार हुई।

न्यूज गैलरी

निगम की कार्यवाही

दुर्ग। इंदिरा मार्केट स्थित अग्रवाल मिष्ठान भंडार के खिलाफ एक बार फिर नगर निगम प्रशासन ने कार्रवाई की है। मिठाई दुकान संचालक ने कई साल से पानी टंकी की सफाई नहीं कराई है। बरामदे में अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। गंदगी फैलाने का काम भी किया जा रहा है। आयुक्त के निर्देश पर अग्रवाल मिष्ठान भंडार के संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। मिठाई दुकान के संचालक को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि पानी टंकी की तुरंत सफाई कराएं और बरामदे को खाली रखें। आसपास गंदगी न फैलाने की चेतावनी दी।

टीम ने किया बेदखल

भिलाई। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन सख्त कार्यवाही कर रहा है। निगम की जमीन पर अवैध रूप से बाउंड्री बनाकर खाली जमीन पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ आज बेदखली की कार्यवाही की गई। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत पॉवर हाउस रिक्शा स्टैण्ड पर अतिक्रमण करते हुए 5 फीट उंची बाउंड्रीवाल निर्माण पर जोन 3 आयुक्त प्रीति सिंह की तोड़फोड़ की टीम ने मौके पर पहुंच कर बेदखली की कार्यवाही करते हुए निर्माण सामग्री को जप्त करने की कार्रवाई की।

शहर के उद्यानों में कीड़ों का प्रकोप

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पिछले एक सप्ताह से पेड़ों में कीड़ो के झुंड के विचरण करने और पेड़ सूखने की शिकायत पर वन विभाग व कृषि विभाग के अफसरों ने मौका मुआयना किया। शिकायत मिलने पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को जानकारी देकर उचित कदम उठाने की अपील की थी। कलेक्टर के निर्देश पर आज एडीएम के साथ वन विभाग और कृषि विभाग के अधिकारियों ने उद्यानों का जायजा लिया। कीड़ों को कलेक्ट करने के बाद जांच के लिए भेज दिया। अब सभी पेड़ों पर दवा का छिड़काव होगा। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि पेड़ों से होकर कीड़े सड़कों और घरों में भी पहुंचने लगे हैं। हालत यह रही कि उद्यानों की तालाबंदी की नौबत आ गई। आक्सीजोन में सुबह.शाम वाकिंग के लिए जाने वाले लोग इन कीड़ों से परेशान हैं। जिन लोगों को घर पर या आसपास बढ़े पेड़ लगे हैंए उन सभी लोगों ने कीड़ों के कारण परेशानी का जिक्र किया। लगातार शिकायत मिलने पर महापौर ने कलेक्टर से चर्चा की। इसके बाद आज प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य हमीद खोखर, दीपक साहू, मनदीप सिंह भाटिया, एल्डरमैन अंशुल पाण्डेय, अजय गुप्ता, राजेश शर्मा, सुमीत वोरा, लीलाधर पाल, सबइंजीनियर जितेंद्र समैया, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

अस्पताल का विजिट

महापौर बाकलीवाल ने आज जिला क्षय रोग अस्पताल का अवलोकन किया और व्याप्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन जिला क्षय रोग प्रभारी डॉ अनिल शुक्ला को दिया। जिला क्षय रोग में लंबे समय से मूलभूत समस्याओं का अभाव है। इस पर से जिला क्षय रोग प्रभारी अधिकारी डॉ.अनिल शुक्ला के द्वारा महापौर को समस्याओं से अवगत कराया था। डॉ. शुक्ला ने महापौर को बताया था कि अस्पताल का भवन पुराना एवं जर्जर हो चुका है। इसी प्रकार से अस्पताल भवन में प्रकाश व्यवस्था भी ठीक नहीं है। साफ-सफाई के साथ ही पानी आपूर्ति को लेकर भी समस्या बनी हुई है।

अपर कलेक्टर ने निरीक्षण में दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। स्वच्छता को लेकर देश भर में चल रहे स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने निगम योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। अपर कलेक्टर व आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे दैनिक स्वच्छता कार्य का निरीक्षण भी कर रहे हैं। वही गंदगी फैलाने वाले और असहयोग करने वालों पर नजर भी रखा जा रहा हैं। श्री सर्वे बुधवार की सुबह क्षेत्र में चलने वाले दैनिक कार्य जैसे नाली सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सेनेटाइजिंग व बाजार क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में सहयोग नहीं करने वालों से समझाईश अपील करे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने के कार्य को विशेष रूप से देखा। सफाई मित्र को हिदायत दी कि वे गीला व सूखा कचरा अलग-अलग ले नागरिकों को बार-बार जानकारी दे कि कचरा किस तरह एकत्र करना हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण के साथ ही निगम क्षेत्र में कोविड-19 के तहत जारी दिशा निर्देश की अवहेलना करने वालों पर भी नजर रखा जा रहा हैं। राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम, विनोद शुक्ला व रामेश्वर निषाद ने टंकी मरोदा, स्टेशन मरोदा व नेवई क्षेत्र में अभियान चलाकर बिना मास्क पहनने वालों से 12 सौ जुर्माना वसूला। कचरा खुले में फेकने पर, कचरा जलाने, सड़क बाधा, मेडिकल वेस्ट फेकने, नाली बाधा व गंदगी फेकने, सैप्टिक टैंक ओवर फ्लो होने पर कार्यवाही की जाएगी।

संतराबाड़ी में हत्या, जांच में जुटी पुलिस

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहर के संतराबाड़ी स्थित श्री शिवम मॉल के सामने बुधवार की सुबह एक युवक की खून से सनी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का सिर फटा हुआ है। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि युवक के सिर पर चोट के गंभीर निशान है। उससे खून भी बह रहा था। प्रथमदृष्टा पुलिस घटना को हत्या का मान रही है। युवक की पहचान छिपाने उसके सिर पर वजनी वस्तु से हमला करना प्रतीत हो रहा है। घटना के सामने आने से पुलिस महकमे में हड़कंप का माहौल है। आरोपियों का सुराग जुटाने पुलिस की डाग स्काट व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थीए लेकिन उनके हाथ कुछ नही लगा। मृतक की दिलीप साहू 42 वर्ष पिता सोनू साहू सतनामी पारा राजिम निवासी के रुप में पहचान की गई है। उसकी हत्या किन कारणों से की गई है और उसके हत्यारे कौन है फिलहाल इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है। दुर्ग पुलिस को सूचना मिली कि श्री शिवम माल के पास शापिंग कांप्लेक्स में खून से लथपथ शव पड़ा हुआ है। मौके पर जाने पर पुलिस ने पाया कि युवक के सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला किया गया है। अधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई। वह लाल व नीले रंग की टी शर्ट पहने हुए है। बताया जा रहा है कि युवक को देर रात क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया था। सिटी कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव को मरच्युरी भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है। घटना की खबर पर दुर्ग सीएसपी विवेक शुक्ला एवं अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जिम सामग्री के लिए महापौर देवेंद्र ने दिए 70 लाख

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव के प्रयासों से अब शहर के विभिन्न स्थानों पर महापौर निधि के 70 लाख की लागत से ओपन जिम स्थापित किया जाएगा। महापौर ने लोगों की स्वास्थ्य गत भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ओपन जिम लगाने का निर्णय लिया है। शहर में ओपन जिम की स्थापना होने से अन्य जिम या व्यामशाला में खर्च होने वाली राशि से राहत मिलेगा तथा नजदीकी वार्ड क्षेत्र में सुविधा मिलने से लोगों को अनावश्यक इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग ओपन जिम का उपयोग कर सकेंगे। ओपन जिम का पहला कांसेप्ट जीइ रोड स्थित उद्यान से प्रारंभ हुआ है। जिसे ओपन जिम उद्यान का नाम दिया गया है। क्षेत्रवासी यहां पर अपना फिटनेस बरकरार रखने के लिए पहुँचते हैं। धीरे-धीरे विभिन्न क्षेत्रों में इसकी मांग को देखते हुए अन्य स्थानों पर भी इसी प्रकार की सुविधा लोगों को देने की योजना महापौर ने बनाई है। और अब शहर के कई स्थानों पर ओपन जिम स्थापित किया जाएगा। इसके लिए जोन स्तर से विभागीय प्रक्रिया की जा रही है। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने जल्द ही विभागीय प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश जोन आयुक्तों को दिए हैं। वही निगम क्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। पहले जिन दुकानों में कचरा फैलाने को लेकर कार्रवाई की गई है दोबारा उन दुकानों में निगम की टीम जाकर फीडबैक ले रही है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक
सिकोला दुर्ग (छ.ग.)
सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 133 दिनांक 04.07.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी/आवेदक श्रीमती निर्मला बंसल ध.प. सत्यप्रकाश बंसल के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन हेतु आवेदित भूमि ख.न. 261/1, 269/13 रकबा 0.065, 269/13 हें का स्थल जांच/ सीमांकन/ बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 03.11.2020 को 11.00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, सिकोला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजू सोमन पिता एस सोमन निवासी ग्राम मालवीय नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 749/3, 749/5 का टु. रकबा 0.048 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 28.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/ आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202010101000113
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019(5948(0.0100 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार-सरल कुमार महोर
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरल कुमार महोर पिता लक्ष्मण राव पता- सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 19 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 5948 रकबा 0.010 हे. जो उसके स्व. माता श्रीमती ताराबाई पति स्व. लक्ष्मण राव के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी श्रीमती ताराबाई पति स्व. लक्ष्मण राव की मृत्यु दिनांक 04.10.2020 को हो जाने के कारण उसके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.10.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202010101000111
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कुरुद प.ह.न. 00050(1383/1(4.4310 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार- सल्ला मोहन राव
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सल्ला मोहन राव पिता स्व. सल्ला अगैया पता- सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1383/1 रकबा 0.014 हे. अर्थात 1500 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्री वेदप्रकाश चोपड़ा एंड कंपनी कुरुद भिलाई भागीदार आलोक कुमार लुनिया पिता स्व. जे.के. लुनिया क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 03.11.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक
सिकोला दुर्ग (छ.ग.)
सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 136 दिनांक 04.07.2020 वर्ष 2019-20

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.हन. 08 रा.नि.मं.- सिकोला के भूमि स्वामी/आवेदक श्री संतोष बंसल आ. रमेशचंद बंसल के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन हेतु आवेदित भूमि ख.न. 269/8 रकबा 0.092 हें का स्थल जांच/ सीमांकन/ बंटाकन/ त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 03.11.2020 को 11.00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, सिकोला दुर्ग

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं M PARVEEN BANO W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE निवासी WARD NO 41, NEW MASJID K AGE, SUBHASH NAGAR, DURG, DIST DURG, (C.G.) PIN 491001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PARVEEN BANO W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PARVEEN BANO W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE से ही जाना पहचाना जावे।

PARVEEN BANO
WARD NO 41,NEW MASJID K AGE, SUBHASH NAGAR, DURG , DIST DURG , (C.G.) PIN 491001

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी- राजस्व

मा.क्रं. 202010101200077
विषयः-अ-6 सन् 2020-21
भनपुरी प.ह.न. 00038(148(0.3700 हें.)
पक्षकारों का वितरण -आवेदक पक्षकार - प्यारेलाल
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्यारेलाल पिता स्व. अंकालू ग्राम भनपुरी प.ह.न. 38 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 148 रकबा 0.3700 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखो में दर्ज है। भूमिस्वामी बहुराबाई पति स्व. अंकालू की मृत्यु दिनांक 01.10.2002 को हो चुकी है जिससे उनकी फौती दर्ज कर वारिसानों के नाम पर नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.10.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-27/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रागिनी पति स्व. रामगोपाल निवासी नगपुरा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भू-स्वामी हक की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1611, 1618/2, 2839, 2842 रकबा 0.1000, 0.1900, 1.5100, 0.0400 हे. का खसरा नंबर 2839 मे से 1.00 एकड़ भूमि अपने पुत्र रविन्द्र सिन्हा को खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 27.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.10.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202010100400581

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक दिनेश कुमार भट्ट आ. शत्रुहन प्रसाद भट्ट निवासी सेक्टर 03 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 597/25 रकबा 0.020 हें/ 2200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SANJAY KUMAR AGRAWAL S/o RADHESHYAM AGRAWAL निवासी 2/5 नेहरू नगर पश्चिम भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। यह शपथ करता हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SANJAY AGRAWAL S/o RADHESHYAM AGRAWAL रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम SANJAY AGRAWAL S/o RADHESHYAM AGRAWAL से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ता
SANJAY AGRAWAL
निवासी 2/5 नेहरू नगर पश्चिम भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SOUMIYA AGRAWAL D/o SANJAY KUMAR AGRAWAL निवासी 2/5 नेहरू नगर पश्चिम भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं। यह शपथ करती हूं कि मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम SOUMYA AGRAWAL D/o SANJAY AGRAWAL रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम SOUMYA AGRAWAL D/o SANJAY AGRAWAL से ही जाना पहचाना जावे।

शपथकर्ती
SOUMYA AGRAWAL
निवासी 2/5 नेहरू नगर पश्चिम भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202010100400570

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रोहित कुमार साहू आ. बरनलाल साहू निवासी नवाडीह सड़क पारा जिला धमतरी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 941/22 रकबा 0.013 हें/ 1368 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202010100400496

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रभाकर सिंह ठाकुर आ. थानसिंह ठाकुर निवासी प्लाट नं. 14 सड़क 20 ए प्रगति नगर रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 692/14 रकबा 0.017 हें/ 1824 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202010100400576

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक महेन्द्र कुमार वर्मा आ. ईश्वरी प्रसाद वर्मा निवासी कानाकोटा गाड़ाडीह तह. पाटन व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 493/9 रकबा 0.0300 हें/ 3300 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202010100400093

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री खोमलाल आ. बिहारीलाल निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उतई प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 722/8 रकबा 0.020 हें. अर्थात 2275 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202010100400400

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मती कुमारी जौ. अश्वनी कुमार निवासी 3/6 सड़क 52 सेक्टर 06 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/39 रकबा 0.0210 हें/ 2310 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202008100400458

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कमलेश यादव आ. रामसिंह यादव निवासी कसारीडीह द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 357/44 रकबा 0.0080 हें/ 860 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.08.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

राम वनगमन पर्यटन परिपथ : 'लोगो' डिजाइन प्रतियोगिता 25 तक

रायपुर। राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा राम वनगमन पर्यटन परिपथ के लिए लोगो डिजाइन प्रतियोगिता रखी गई है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट 'लोगो' के चयन पर विजेता प्रतिभागी को 10 हजार रूपए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागी अपने डिजाइन किये हुए लोगो 25 अक्टूबर 2020 तक पर्यटन विभाग की ईमेल आईडी तअहच/अपेपजबहण्पद पर भेज सकते हैं। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट में प्रतियोगिता से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं। राम वनगमन पर्यटन परिपथ परियोजना राज्य सरकार की एक महती योजना है। भगवान राम का जीवन जनमानस से जुड़ा है, इसलिए इस परियोजना के लिए लोगो का डिजाइन जनमानस से आमंत्रित की गई है।

कोरोना : बचाव के लिए मास्क लगाना जरूरी

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव सुश्री रीता शांडिल्य ने भारत सरकार गृह मंत्रालय के पत्र के परिप्रेक्ष्य में कोरोना वायरस कोविड-19 से बचाव और रोकथाम के लिए राज्य के सभी कलेक्टरों, संभागायुक्तों को पत्र लिखकर लोगों को कोरोना वायरस से बचने मास्क पहनने, आवश्यक सोशल डिस्टेंस बनाए रखने और बार-बार साबुन से हाथ धोते रहने के लिए और अधिक जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया है। इसके लिए लोगों को जानकारी देने के लिए पम्पलेट एवं प्रतिज्ञा पत्र की प्रति भी भेजी गई है।

मंत्री भगत वेयर हाउस गोदाम के उद्घाटन कार्यक्रम में होंगे शामिल

रायपुर। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत 22 अक्टूबर 2020 को सवेरे 10 बजे पुलिस परेड ग्रांउड रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सीतापुर पहुंचेंगे। श्री भगत दोपहर 12.10 बजे मंगरैलगढ़ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना के पश्चात दोपहर 1.05 बजे ग्राम बनया के लिए प्रस्थान करेंगे। वे ग्राम बनया में आयोजित वेयर हाऊस गोदाम के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री भगत दोपहर 1.50 बजे बनया से रवाना होकर अम्बिकापुर पहुंचेगें । वे दोपहर 2.40 बजे महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे, और शाम 4.10 बजे अम्बिकापुर से हेलीकाप्टर द्वारा रायपुर के लिए रवाना हो जाएगें ।

दस्तावेजों के पंजीयन के लिए अपॉइंटमेंट व्यवस्था दुरूस्त

रायपुर। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा नवरात्रि त्योहार को ध्यान में रखते हुए और पंजीयन कार्यालय में प्रस्तुत होने वाले पंजीयन योग्य दस्तावेजों की संख्या अत्यधिक होने के कारण आम जनता की सुविधा के लिए अपॉइंटमेंट व्यवस्था को दुरूस्त किया गया है। इसके साथ ही अब आधे घंटे में तीन अपॉइंटमेंट लिए जा सकते हैं इस प्रकार एक दिन में अधिकतम 42 अपॉइंटमेंट लिए जा सकेंगे। इसके पूर्व एक दिन में अधिकतम 28 अपॉइन्टमन्ट लिए जा सकते थे जो इस नई व्ययस्था लागू होने के बाद अधिकतम 42 अपॉइन्टमन्ट लिए जा सकेंगे। यह नई व्ययस्था 21 अक्टूबर से चालू कर दी गई है । पक्षकार अपॉइंटमेंट लेते समय किसी भी दिन का चयन कर उपलब्ध स्लॉट मैं अपना अपॉइंटमेंट प्राप्त कर सकते हैं। अपॉइंटमेंट प्राप्त करने में यदि किसी पक्षकार को कोई समस्या होने पर वे हेल्प लाईन नम्बर 0771-4912523 या टोल फ्री नंबर 18002332488 पर संपर्क कर सकते है। अपॉइंटमेंट प्रणाली में अब तक किए गए सुधार के अनुसार अब 1 दिन में अधिकतम 42 अपॉइंटमेंट लिए जा सकेंगे पहले यह संख्या 28 थी। विक्रय पत्र के मामले में सौदा किए गए रकम की कम से कम 5 प्रतिशत मूल्य के ई-स्टेंप के आधार पर ही लिया जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति एक ही दस्तावेज के लिए केवल एक अपॉइंटमेंट ले सकेगा।

राज्यपाल को ढाल बनाकर अपनी राजनैतिक रोटी सेंक रही भाजपा : मंत्री भगत

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने बुधवार को मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि राज्यपाल और सरकार के बीच टकराव जैसे कोई स्थिति नहीं है, बल्कि प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेता राज्यपाल को ढाल बनाकर अपना राजनैतिक रोटी सेकने का प्रयास कर रहे है।

मंत्री श्री भगत ने कहा कि भाजपा नेताओ को पहले ये सोचना चाहिए कि वे क्या कर रहे है क्योंकि पहले भी तो राज्यपाल हुआ करते थे लेकिन इस प्रकार से कभी सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव जैसे स्थिति कभी नहीं आई। लेकिन भाजपा नेताओ द्वारा बार-बार राज्यपाल को चिट्ठी लिखकर राजभवन को अखाड़ा बनाना चाहते है और राजभवन के पीछे छुपकर यहां की राजनीति को यहां से शासन-प्रशासन को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे है वो उचित नहीं है। बहुमत की सरकार है उनके काम करने दें।

श्री भगत ने कहा कि यह स्थिति सिर्फ छत्तीसगढ़ की बात नहीं है पूरे देश में गैर भाजपाई जो राज्य सरकारें है वहां सरकार और राजभवन के बीच ऐसी स्थिति है। इसके पीछे उनका गुप्त एजेंडा क्या है इसके निर्देश कहां से प्राप्त हो रहे है।

श्री भगत ने कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक किसानों की संख्या है कि उनके लिए पूर्व भाजपा सरकार ने कुछ किया नहीं और आज उनके बीच में भाजपा जाने लायक रहे है इसलिए कहां जाएंगे वे सिर्फ एक ही जगह जा रहे है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा द्वारा किए गए प्रदर्शन को लेकर श्री भगत ने कहा कि भाजपा इस समय बौखलाई हुई है। सत्ता जाने के बाद से पानी के बाहर मछली की तरह तड़प रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के मुंह से कानून व्यवस्था की बात शोभा नहीं देता। जिनके माथे पर झीरम घाटी का धब्बा हो ऐसे लोग कानून व्यवस्था की बात कर रहे है।

राजभवन को ढाल बनाने की स्तरहीन राजनीति बंद करे भाजपा

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के बयान पर प्रदेश कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के 20 महीनों के जन कल्याणकारी कार्यों के बाद भाजपा नेताओं के पास मुद्दा नहीं है। भाजपा के नेता अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। राजनीतिक हताशा के दौर से गुजर रहे भाजपा अब राजभवन को आड़ लेकर ऊंची राजनीति कर रही है। विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा के कार्यकर्ता, भाजपा के नेताओं के नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसे में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व राजभवन की गरिमा के विपरीत जाकर दबाव डालकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के छवि खराब करने का षड्यंत्र रच रही है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सत्ता के मद में 15 साल राजनैतिक गरिमा को तार-तार करते रहे। मुख्यमंत्री रहते हुए जिनके घर के पते पर विदेशी खाता हो और जिन्होंने उसकी जांच तक को होने ही नहीं दिया, हर स्तर पर जांच को बाधित किया, ऐसे रमनसिंह को गरिमा शिष्टाचार और सदाचार की बड़ी बड़ी बातें करना शोभा नहीं देता है। 36 हजार करोड़ के नान घोटाले की डायरी में रमन सिंह जी के मुख्यमंत्री रहते हुए ही सीएम मैडम का नाम लिखा हुआ मिला। रमन सिंह जी के शासनकाल में ही आम आदमी हर व्यवसायी पत्रकार से लेकर छोटे-छोटे अधिकारी कर्मचारी तक फोन टैपिंग के भय से व्हाट्सएप कॉल का सहारा लिया करते थे, अभी छत्तीसगढ़ के लोग डर भय और आतंक के पर्याय उन 15 वर्षों को भूले नहीं हैं।

सड़कों के निर्माण में लाएं तेजी : सीएस

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क विकास अभिकरण की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न स्थानों में स्वीकृत सड़को के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। मण्डल ने सड़को के निर्माण की गुणवता पर निगरानी रखने और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश राज्य सड़क विकास अभिकरण के अधिकारियों को दिये है। बैठक में अपर मुख्यसचिव वित्त अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग गौरव द्विवेदी, प्रमुख सचिव वन विभाग मनोज कुमार पिंगुआ, सचिव लोक निर्माण विभाग सिद्धार्थ कोमल परदेशी, सचिव राजस्व विभाग सुरीता शांडिल्य, सचिव खनिज संसाधन विभाग अंबलगन पी, सचिव नगरीय विकास विभाग श्रीमती अलरमेल मंगईडी और राज्य सड़क विकास अभिकरण के प्रबंध संचालक संदीपत भास्कर उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री योजना के आवासों को छः माह में करें पूरा

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत होने वाले ग्रामीण आवासो को छः माह की समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा है की योजना के तहत स्वीकृत हो चुके सभी ग्रामीण आवासों का निर्माण छः माह के भीतर कर लिया जाना चाहिए। मण्डल ने कहा है की सभी जिलों में स्वीकृत और निर्मित आवासों की जानकारी संकलित की जाए और अधूरे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। बैठक में अपर मुख्यसचिव वित्त विभाग अमिताभ जैन, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग गौरव द्विवेदी, प्रमुख सचिव वन विभाग मनोज कुमार पिंगुआ, सचिव राजस्व विभाग सुरीता शांडिल्य, और संचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एस प्रकाश उपस्थित थे।

जोगी जाति फैसले पर भाजपा के आदिवासी नेता खुश और पूर्व सीएम नाराज : विकास

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की इकाई को यह स्पष्ट करना चाहिये कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जो स्वर्गीय अजीत जोगी और उनके पुत्र अमित जोगी को आदिवासी मानते थे और 15 सालों में उनके साथ खड़े रहे जबकि भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व राज्यसभा सांसद श्री नंदकुमार साय एवं वरिष्ठ पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर द्वारा लगातार पिछले 15 सालों में इस बात पर जोर देकर कहा जाता था कि अजीत जोगी, अमित जोगी नकली आदिवासी है और उन का जाति प्रमाण पत्र भी नकली है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते अजीत जोगी और उनके पुत्र अमित जोगी को लगातार संरक्षण देने का काम करते थे जो कि दूषित राजनीति का एक जीता जागता उदाहरण है। एक ओर जहां पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह फर्जी एवं नकली आदिवासियों का खुलेआम साथ देते थे और अपने ही दल के वरिष्ठ आदिवासी नेताओं का उपेक्षा करते थे उनके द्वारा जब यह बताया जाता था कि अजीत जोगी और अमित जोगी असली आदिवासी नहीं है और नकली प्रमाण पत्र प्राप्त करके वह मरवाही का चुनाव लड़ते हैं तो भी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के द्वारा उनकी मांगों को और बातों को अनदेखी कर दिया जाता था मरवाही चुनाव में जब नंदकुमार साय और अजीत जोगी चुनाव लड़े तब अभी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का झुकाव अजीत जोगी की तरफही रहता था।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी ने भाजपा की प्रदेश इकाई पर तल्ख़ सवाल करते हुए पूछा कि प्रदेश भाजपा को यह बताना चाहिए कि वह अजीत जोगी और अमित जोगी को आदिवासी मानते हैं जिस तरह पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह उन्हें आदिवासी मानते थे प्रदेश भाजपा को यह भी बताना चाहिये कि क्या आदिवासी नेता नंदकुमार साहू और ननकीराम कंवर की तरह अजीत जोगी और अमित जोगी को नकली आदिवासी मानते थे तो भाजपा की प्रदेश इकाई अपने आदिवासी नेताओं के बयान से सहमत है कि नहीं है इस बात का स्पष्टीकरण भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई को देना चाहिये। भाजपा के अंदर अंदरूनी लड़ाई छिड़ चुकी है जो कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह के लिये है भाजपा के आदिवासी नेता इस बात को लेकर नाराज हैं कि पिछले 15 सालों में अजीत जोगी के जाति प्रकरण को रमन सिंह द्वारा दबा कर रखा जाता था।

होम आइसोलेशन में नियुक्त चिकित्सक मरीज की कर रहे समर्पित सेवा

रायपुर। रायपुर जिला प्रशासन द्वारा होम आइसोलेशन के लिए नियुक्त किये गए सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सक दिन रात कोविड 19 के मरीजों के इलाज में तत्परता से जुटे हैं। सभी चिकित्सक ना केवल अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्य कोविड केअर सेन्टर में डयूटी कर रहे हैं बल्कि उनको होम आइसोलेशन ऐप्प के माध्यम से सौंपे गए मरीजों की भी दिन रात सेवा कर रहे हैं। होम आइसोलेशन सेन्टर रायपुर के नोडल अधिकारी ए डी एम विनीत नन्दनवार ने बताया कि जिलाधीश एस. भारतीदासन के निर्देश पर सेंटर चैबीसों घंटे काम कर रहा है और मरीजों को मदद कर रहा है। चिकित्सक मरीजों को प्रथम दिवस पर दवाई बताने से लेकर, नियमित रूप से दिन में कई बार उनका ऑक्सिजन लेवल, पल्स, तापमान एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जानकारी वे लेते हैं। और समय समय पर उनको चिकित्सकीय सलाह देने के साथ उनका इस बीमारी के प्रति डर को हटाने के लिए परामर्श भी देते हैं और हौसला बढ़ाते हैं। जब किसी चिकित्सक को यह आभास होता है कि मरीज के पैरामीटर्स होम आइसोलेशन के लिए अब उचित नही है।घ्र पर रहने से उसको परेशानी हो सकती है तो वे बिना देरी किये अस्सिस्टेंट नोडल अधिकारियों डॉ अंजलि नोविता एवं चन्द्रकान्त से संपर्क करते हैं एवं ऐसे मरीजों को बिना देरी के तत्काल हॉस्पिटल पहुँचाया जाता है।

मुख्यमंत्री को दुधाधारी मठ रायपुर के दशहरा उत्सव में शामिल होने का न्यौता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां आज उनके निवास कार्यालय में राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास के नेतृत्व में सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति, दुधाधारी मठ, रायपुर के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने समिति द्वारा इस वर्ष आयोजित दशहरा उत्सव में शामिल होने का न्यौता देते हुए आमंत्रण पत्र सौंपा। महंत रामसुंदर दास जी ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस वर्ष कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए दशहरा का आयोजन संक्षिप्त रूप से किया जा रहा है। इस वर्ष रावण पुतले का दहन नहीं किया जा रहा किंतु परम्परा अनुसार बालाजी पालकी की पूजा तथा प्रतीकात्मक रूप से विराजित रावण पुतले का वध किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दशहरा उत्सव में आमंत्रण हेतु प्रतिनिधिमंडल का आभार जताते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान भी हमें कोरोना संक्रमण से बचाव के सभी सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने की जरूरत है।

मेडिकल छात्र भागवत देवांगन की हत्या के मामले की जांच को लेकर समाज के लोगों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

■ मामला नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में रेंगिग के बाद भागवत देवांगन की हत्या का

रायपुर। कुछ रसूखदार और राजनीतिक पहुंच रखने वाले सीनियर छात्रों अभिषेक गेमें, सलमान खान, विकास द्विवेदी, अमन गौतम, और शुभम शिंदे, द्वारा भागवत देवांगन का रैगिंग कर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना करते थे। छत्तीसगढ़ीया लोग यहाँ क्यो पढ़ने आते हो बोल कर हमेशा रैगिंग के नाम पर मारपीट करते रहते थे। जिसकी सूचना कालेज प्रबंधक और हॉस्टल इंचार्ज डॉ. अरविंद शर्मा को बताने पर भी कोई ध्यान नही दिया। जिसका परिणाम भागवत को मानसिक प्रताड़ना एवं रेगिंग का शिकार होकर अपनी जान से हाथ धो कर चुकाना पड़ा।

मृतक परिवार ने जब थाना-गढ़ा जिला-जबलपुर में रिपोर्ट करने गये तो थाना स्टॉफ ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज करने से इंकार कर दिया। पुलिस प्रशासन के उक्त रवैये के चलते मामला संदिग्ध हो गया है। हॉस्टल इंचार्ज बार-बार भागवत द्वारा आत्महत्या किये जाने की जानकारी देते रहे जबकि पीड़ित छात्र की रेगिंग के दौरान हत्या की गई। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर मध्यप्रदेश में घटित उक्त वारदात सुप्रीम कोर्ट द्वारा रैगिंग के खिलाफ दिये गये निर्देश की खुली अवहेलना है।

नसीहत | एम्स की ओपीडी में प्रतिदिन 60 प्रतिशत रोगी इसी बीमारी के

ऑस्टियोपोरोसिस से बचने के लिए रोज लें कैल्शियम युक्त आहार

हड्डी रोग विभाग ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम, एम्स की टीम विजेता

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में आने वाले औसतन 250 रोगियों में से प्रतिदिन 150 रोगी ऑस्टियोपोरोसिस रोग से पीड़ित होते हैं। इसमें हड्डियों के कमजोर हो जाने की वजह से चलना-फिरना मुश्किल हो जाता है। छोटी दुर्घटना पर भी कमजोर हड्डी में फ्रैक्चर होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में विशेषज्ञों ने सभी से कैल्शियम युक्त आहार प्रतिदिन प्रचुर मात्रा में ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

इस संबंध में वर्ल्ड ऑस्टियोपोरोसिस डे पर गत दिवस एम्स के हड्डी रोग विभाग के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने ऑस्टियोपोरोसिस पर अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे इस बीमारी के दुष्प्रभावों को समझकर इसे रोकने में मदद मिल सकती है।

विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल ने ऑस्टियोपोरोसिस के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसका प्रभाव महिला और पुरुष दोनों पर पड़ता है। 50 से अधिक उम्र में हड्डियों के कमजोर हो जाने की संभावना बढ़ जाती है। महिलाओं में पोस्ट मीनोपॉज के बाद ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी अधिक पाई गई है। इससे हड्डियों में कमजोरी आ जाती है, घुटनों-जोड़ों में दर्द शुरू हो जाता है और शारीरिक असंतुलन की वजह से चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। इसके लिए ऑर्थोपेडिक के साथ एंडो क्रिनोलॉजी और फिजियोथैरेपी की मदद लेने की आवश्यकता होती है। उन्होंने खाने में ज्यादा से ज्यादा हरी सब्जियों जैसे पालक आदि का प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एम्स की ओपीडी में 60 प्रतिशत रोगी इसी बीमारी के आते हैं। अतः इससे बचाव के उपाय अपनाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर एंडोक्रिनोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अमृतवा घोष ने ऑस्टियो पोरोसिस बीमारी के प्रबंधन के विषय में बताया। चिकित्सा छात्रों के लिए आयोजित क्विज में एम्स के विपेंद्र सिंह राजपूत और थॉमस सीरियेक की टीम को प्रथम पुरस्कार मिला। इसमें रायगढ़, जवाहलाल नेहरू मेडिकल कालेज और सिम्स की टीमों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में उप-निदेशक (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता, वित्त सलाहकार बी.के. अग्रवाल, डॉ. ऋाावन, डॉ. विक्रम केसरीकर, डॉ. के.डी. तिवारी, डॉ. रणदीप चौधरी, डॉ. हर्षल सांकले और डॉ. संदीप यादव ने भाग लिया।

बढ़ती हुई महंगाई के केंद्र सरकार जिम्मेदार : वंदना

रायपुर। वर्तमान समय में महंगाई की समस्या अत्यन्त विकराल रूप धारण कर चुकी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि बढ़ती हुई महंगाई से जनता त्रस्त हो गई है। महंगाई कम करने और अच्छे दिन लाने का वादा कर नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने आज महंगाई बेलगाम हो गई है और प्रधानमंत्री जी महंगाई कम करने के लिये कोई ठोस कदम उठाने की बात तो दूर इस विषय पर बात भी करना छोड़ दिये। महंगाई को लेकर सब चिंतित एवं परेशान है लेकिन उससे उनको क्या। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहती है कि मैं ऐसे परिवार से आती हु जहां प्याज से मतलब नहीं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि वित्त मंत्री जी आप एवं आपके परिवार प्याज नही खाते तो क्या आप अपनी जिम्मेदारी से भाग जाओगी? पूरे देश में बाजारों मे आग लगी हुई है, प्याज 80 रुपये किलो, तो राहर दाल 160 रूपये, आलू 50 रुपये किलो अन्य खाद्यान्नों और कई उपभोक्ता वस्तुओं के कीमतों में निरन्तर वृद्धि एक दहशतकारी मोड़ ले रही है। महंगाई के कारण असन्तोष बढ़ रहा है हर वर्ग के लोग त्रस्त हैं। बढ़ती महंगाई अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र को प्रभावित कर प्रत्येक वस्तु के मूल्य एवं किराये बढ़ रहे हैं। आम आदमी का जीवन दूभर होता जा रहा है। आज की हालत यह है कि आम आदमी महंगाई की आग में बुरी तरह झुलस गया है। प्रधानमंत्री जी कहे थे कि न मैं खाऊगा और ना खाने दूंगा मोदी जी आप को तो छप्पन प्रकार के भोग मिल रहे है लेकिन आम आदमी दो वक्त के रोटी के लिये तरश रहे है।

संपादकीय

त्यौहारों के दौरान सावधानी जरूरी

भारत में जानलेवा कोरोना वायरस का कहर बदस्तूर जारी है, अब तक 76 लाख से अधिक लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुके है और 1 लाख 16 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यह संतोष का विषय है कि रिकवरी रेट में सुधार आया है इसके बावजूद कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए त्यौहारों के दौरान हमे सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है। इस बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश वासियों को संबोधित करते हुए सचेत किया है कि भले ही लॉकडाउन हट गया है लेकिन कोरोना वायरस का खतरा अभी भी बरकरार है इसलिए जबतक इसकी वैक्सीन नहीं आ जाती तक तब लोगों को सावधानी बरतनी होगी और मास्क लगाने के साथ ही दो गज की दूरी का पालन करना होगा। केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हंसवर्धन ने भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि ठंड के मौसम में कोरोना वायरस का कहर टूट सकता है इसी दौरान त्यौहारों का सीजन भी शुरू हो रहा है इसलिए त्यौहारों के दौरान लापरवाही बरतना खतरनाक सिद्ध हो सकता है और कोरोना फिर से विकराल रूप धारण कर सकता है। त्यौहारों के दौरान दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी का पालन जरूर किया जाएं। उन्होने केरल में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलो पर कहा है कि राज्य में ओणम उत्सव के दौरान लोगों की लापरवाही की भारी कीमत केरल को चुकानी पड़ी है। इसी दौरान व्यापार तथा पर्यटन के लिए यात्रा में बढ़ौतरी हुई थी इससे भी कोरोना का मामला बढ़ा था। एक विशेषज्ञ समिति ने चेतावनी दी है कि यदि त्यौहारों के दौरान लापरवाही बरती गई तो हर महीने 26 लाख तक नए कोरोना मरीज सामने आ सकते है। कुल मिलाकर अब यह लोगों के हाथ में है कि वे कोरोना के खिलाफ जंग के लिए कितने तैयार है और वे इस महामारी को कितनी गंभीरता से ले रहे है। सरकार का काम लोगों को सचेत करना है अब क्योंकि लॉकडाउन खत्म हो गया है इसलिए सरकार अब दिशा निर्देशों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं करेगी। अब लोगों को ही जागरूक होना पड़ेगा और अब इन त्यौहारों के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी तथा केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का ईमानदारी पूर्वक पालन करना होगा तभी कोरोना के खिलाफ जंग जीतने में सफलता मिल पाएगी।

विचार

महबूबा की रिहाई

महबूबा की रिहाई के साथ ही जम्मू-कश्मीर में मुख्यधारा की पार्टियों के सभी प्रमुख नेता रिहा हो चुके हैं। राज्य के सभी राजनीतिक दलों और व्यक्तित्वों ने इस रिहाई का स्वागत किया है। हालांकि खुद महबूबा ने काफी तीखेपन के साथ दोहराया है कि वह नई दिल्ली द्वारा कश्मीर के साथ की गई कथित ज्यादती का विरोध जारी रखेंगी।

14 महीने की गिरफ्तारी के बाद आखिर पीडीपी अध्यक्ष और जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को भी रिहा कर दिया गया। पिछले साल 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 के खात्मे के जरिए जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष राज्य का दर्जा खत्म करने के फैसले के बाद उन्हें कश्मीर के कई अन्य राजनेताओं के साथ गिरफ्तार किया गया था। उनकी रिहाई के साथ ही जम्मू-कश्मीर में मुख्यधारा की पार्टियों के सभी प्रमुख नेता रिहा हो चुके हैं। राज्य के सभी राजनीतिक दलों और व्यक्तित्वों ने इस रिहाई का स्वागत किया है। हालांकि खुद महबूबा ने काफी तीखेपन के साथ दोहराया है कि वह नई दिल्ली द्वारा कश्मीर के साथ की गई कथित ज्यादती का विरोध जारी रखेंगी। यह बात अन्य कश्मीरी नेता भी दोहराते रहे हैं। हाल में फारूख अब्दुल्ला के उस बयान को लेकर खासा विवाद भी हुआ जिसमें उन्होंने कथित तौर पर चीन के सहयोग से अनुच्छेद 370 और 35-ए को वापस हासिल करने की बात कही थी। हालांकि नैशनल कॉन्फ्रेंस ने बाद में इस बात का खंडन करते हुए कहा कि उनके बयान को गलत ढंग से पेश किया गया, लेकिन फारूख अब्दुल्ला जैसे बड़े कद के नेता को अपने बयानों में ऐसी किसी गलतफहमी की गुंजाइश भी नहीं छोड़नी चाहिए। किसी स्वतंत्र और संप्रभु देश में संसद के किसी फैसले से अगर आपका विरोध है तो अपनी बात देश के सभी संभव मंचों पर रखने का रास्ता आपके सामने खुला है। इस प्रक्रिया में किसी और देश को शामिल करना जिम्मेदार सोच का परिचायक नहीं है। इससे कुछ भी हासिल होना तो दूर, आप पहले से अधिक अलग-थलग पड़ते जाते हैं, साथ में दोनों देशों की आपसी कड़वाहट को और ज्यादा बढ़ाने की भूमिका भी निभाते हैं। बहरहाल, नेताओं की बयानबाजी को एक तरफ रख दें तो भारत सरकार के सामने यह स्पष्ट होना चाहिए कि कश्मीर को लेकर उसकी चुनौतियां अब बदल चुकी हैं। अनुच्छेद 370 से संबंधित फैसले को एक साल से ऊपर हो चुका है और कश्मीर में शांति बनाए रखने का तात्कालिक दबाव समाप्त हो चुका है। अभी मुख्य चुनौती कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दोबारा शुरू करने की है। इतना तय है कि पिछले एक साल से कश्मीर की जो स्थिति है उससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की कोई बहुत अच्छी छवि नहीं जा रही है। पाकिस्तान अगर कश्मीर को लेकर कोई बयान देता है तो उसे खास तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग जैसे मंचों से उठते गंभीर स्वरों की ज्यादा समय तक अनदेखी नहीं की जा सकती।

भारत की राजनीति में गृह मंत्री ने पाया विशिष्ट स्थान

गृह मंत्री अमित शाह के जन्मदिन पर विशेष

प्रभात झा
(पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष)

> आज कोरोना महामारी के काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व का मार्गदर्शन कर रहे हैं, तो इसके पीछे की एक बड़ी शक्ति अमित शाह हैं। जहां एक ओर कार्यालय के बंद कमरे में बैठकर देश के कोने-कोने का व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करते रहे हैं, वहीं राजधानी दिल्ली में स्थिति बिगड़ने पर स्वयं अस्पतालों का दौरा करने का साहसिक कदम उठाया। इस दौरान वे स्वयं भी अस्वस्थ हो गए। भारत मां और भारत की 130 करोड़ जनता का आशीर्वाद है उनपर। भगवान् की असीम कृपा है उनपर। वे शीघ्र स्वस्थ हुए। उन्होंने देश में एक वैचारिक आंदोलन शुरू किया। राष्ट्रहित और जनहित के फैसले लेने में वे न टूटे और न झुके, सदैव आगे बढ़ते रहे। उनकी यह जीवटता अनथक जारी है। आज कुछ अराष्ट्रीय तत्व, जिन्हे भारत, भारतीय संविधान और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा से प्रेम नहीं है, राष्ट्र को गुमराह करने की कोशिश करते हैं कि गृह मंत्री अमित शाह का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। उनके जन्मदिन पर हम भारत के नागरिकों को यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि उनके शरीर के खून का एक-एक बूंद भारत मां को समर्पित है और जबतक जीवित हैं समर्पित रहेगा।

विस्मार्क जैसी संगठन कुशलता, चाणक्य जैसी राजनीतिक सिद्धहस्तता तथा राष्ट्रीय एकीकरण के प्रति अब्राहम लिंकन जैसी अटूट निष्ठा से सरदार पटेल ने भारत ही नहीं विश्व के राजनीतिक इतिहास में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकीकरण का निर्माण करना। वे विश्व के एकमात्र इतिहास पुरुष हैं जिन्होंने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का अदम्य साहस दिखाया। आज वही स्थान भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृहमंत्री अमित शाह का है जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में सदियों से अनसुलझी राम जन्म भूमि विवाद और दशकों से अनसुलझी धारा 370 की समस्या से देश को निर्बाध निजात दिलाया। अदम्य साहस,असीम शक्ति, मानवीय समस्याओं के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ जिस प्रकार स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार पटेल ने निर्भय होकर नवजात स्वतंत्र भारत की कठिनाईयों का समाधान अद्भुत सफलता के साथ किया और भारतीय जनमानस में अमिट स्थान बनाया। वही अमिट स्थान भारतीय जनमानस में आज गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने बनाया है। अद्भुत संयोग है कि भारत के इन दोनों महापुरुषों का जन्म अक्टूबर माह में हुआ और दोनों गुजरात से ही हैं। सरदार पटेल का जन्म 31 अक्टूबर को और अमित शाह का जन्म 22 अक्टूबर को हुआ।

भारतीय जनता पार्टी के अबतक के सबसे सफल अध्यक्ष और सरदार पटेल के बाद भारत के सबसे निर्णायक गृह मंत्री 56 वर्षीय अमित शाह जुलाई 2014 में मात्र 49 वर्ष की आयु में भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। उनके संगठन कौशल और कार्यक्षमता को पहचानते हुये ही भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व, तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव से पूर्व उन्हें राष्ट्रीय महासचिव बनाकर 80 सांसदों वाले उत्तर प्रदेश का प्रभारी बनाया। भाजपा ने उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 73 सीटें जीती। पहली बार लोक सभा के चुनाव में

भाजपा को 282 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत मिली। उनके नेतृत्व में पार्टी और विचारधारा का निरंतर विस्तार हुआ। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी, पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में पार्टी की सरकार बनी, दक्षिण में पार्टी का अभूतपूर्व विस्तार हुआ।

अवसर सबको मिलता है, लेकिन अपने-अपने कार्यकाल में क्या किया वही इतिहास में दर्ज होता है। सभी लोग अवसर को परिश्रम और पराक्रम में नहीं बदल पाते हैं । अमित शाह ने भाजपा अध्यक्ष के रूप में मिले अपने अवसर को परिश्रम और पराक्रम में बदला। भाजपा अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल इतिहास के पन्नों में सबसे सफल कार्यकाल के रूप में दर्ज हो गया। भाजपा के कई अध्यक्ष हुए, सबने पार्टी को आगे बढ़ाया, सबने पार्टी का विस्तार किया। लेकिन अमित शाह के अध्यक्षीय कार्यकाल में पार्टी और विचारधारा का जो निरंतर विस्तार हुआ वह मिशाल बन गया। उन्होंने पार्टी के लिए 10 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। महासंपर्क अभियान और मिस्ड कॉल सर्विस चलाया। पार्टी की सदस्य संख्या 11 करोड़ तक पहुंच गई। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में एक समय ऐसा भी आया जब देश के 68 प्रतिशत भूभाग पर भाजपा और भाजपा गठबंधन की सरकार थी। पहले कोई कल्पना भी कर सकता था कि जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा या भाजपा गठबंधन की सरकार हो। उत्तर प्रदेश के विधान सभा चुनाव में 403 सीटों में 325 सीटों पर जीत। इस जीत ने तो राजनीतिक पंडितों तक को भी अचम्भित कर दिया था।

एक समय था देश के पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा कभी सरकार में शामिल नहीं हो पाती थी। अमित शाह के अध्यक्ष रहते हुए न केवल पहली बार पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा की सरकार बनी, बल्कि 'सप्त बहनें' कही जाने वालीं सातों राज्यों में भाजपा सरकार में शामिल हुई। जहां असम और त्रिपुरा में लगभग कई दशकों से सत्तासीन राजनीतिक पार्टियों को हटाकर भाजपा के मुख्यमंत्री बने। अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में भी भाजपा के मुख्यमंत्री बने। वहीं मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम में भी भाजपा सरकार में शामिल हुई। दक्षिण में कर्नाटक में सरकार, केरल में भाजपा का विधायक होना। भाजपा ने पहली बार 2016 के केरल विधानसभा चुनाव में एक सीट पर विजय प्राप्त की । अमित शाह ने उत्तर भारत की राजनीतिक पार्टी कही जाने वाली भाजपा को अखिल भारतीय पार्टी बनाया। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए को पुनः पूर्ण बहुमत मिला। भाजपा की सीट 2014 के 282 से बढ़कर 2019 में 303 हो गई। दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों में भी कई सीटें मिलीं, जहां पहले पार्टी को एक भी सीट नहीं मिलती थी।

'कार्यकर्ता, कार्यालय, कार्य, कार्यक्रम और कोष' आधारिक राजनीतिक संस्कृति के साथ आगे बढ़कर अमित शाह ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी और भारत में अजेय राजनीतिक पार्टी बनाया। वहीं चक्रीय प्रवास, क्षेत्रीय बैठकें, कोर ग्रुप की नियमित बैठकें, जिला कार्यालय निर्माण प्रकल्प, कार्यालय आधुनिकीरण प्रकल्प, जनसंवाद ई-ग्रंथालय एवं डॉक्यूमेंटेशन, सदस्ता अभियान, प्रशिक्षण महाभियान, संवाद एवं समन्वय, मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष उत्सव जैसे नूतन कार्य प्रयोगों से उन्होंने भारतीय जनमानस का भाजपा और भाजपा कार्यकर्ता के साथ एक बॉन्डिंग का निर्माण किया जो अन्य राजनीतिक पार्टियों की सोंच के परे है। अध्यक्ष पद ग्रहण करने के तत्काल बाद उन्होंने पार्टी के संविधान में संशोधन लाकर सदस्यता अभियान को नया और प्रभावी स्वरुप दिया। संगठन पर्व के तहत सदस्यता अभियान को गति दिया गया और 50 से भी अधिक प्रकार के अलग-अलग कार्यक्रम पार्टी द्वारा आयोजित किये गए।

देश के 80 प्रतिशत जिलों में भाजपा का अपना कार्यालय नहीं था। उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में ही अधिकांश जिलों में या तो अपने कार्यालय हो गए या जमीन खरीद कर निर्माण कार्य होने लगा।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से कृषि क्षेत्र की पुनर्कल्पना

तुलसीप्रिया राजकुमारी

> खाद्य प्रसंस्करण उद्योग (एफपीआई) इन आपूर्ति श्रृंखला अंतरालों की समस्या से निपटने के लिए तैयार है, जो हाल ही में भारत सरकार के तीन कृषि अधिनियमों द्वारा संचालित एक पारिस्थितिक तंत्र द्वारा शुरू किए गए हैं। आत्मनिर्भर भारत पैकेज, कृषि ढाँचागत कोष और सूक्ष्म खाद्य उद्यमों की औपचारिकता इस तंत्र के भाग हैं। विकास की ओर अग्रसर एफपीआई क्षेत्र अमूल, मदर डेयरी और बिग बास्केट के मॉडल के अनुसार किसानों के लिए अच्छा पारिश्रमिक सुनिश्चित करने के साथ-साथ, एक उचित और समान कृषि बाजार बनाने में मदद करेगा। हालांकि, भारत में एफपीआई इस समय एक नई अवस्था में है और यह हमारे कुल खाद्य उत्पादन का केवल 10 प्रतिशत है।

कोविड-19 महामारी ने खाद्य सुरक्षा और खाद्य अधिशेष प्रबंधन की वर्तमान नीति के महत्व पर बल दिया है। इसके लिए, हाल के वर्षों में कृषि क्षेत्र की नीति में बदलाव आया है और यह निर्वाह से विपणन की ओर स्थानांतरित हो गई है। हालाँकि, अब भी कटाई के बाद फसल प्रबंधन (पीएचएम), फसल की कम कीमत और किसानों के लिए बाजार तक पहुंच में कठिनाई की चुनौतियाँ इस क्षेत्र में मौजूद हैं। कटाई के बाद फसल प्रबंधन में कमी, विशेष रूप से, फल और सब्जियों में 4.6 से 15.8प्रतिशत की, समुद्री मछलियों में 10.5प्रतिशत और मुर्गी पालन क्षेत्र में (आईसीएआर-सीआईपीएचईटी, 2015) 6.7प्रतिशत का नुकसान हुआ है। व्यक्तिगत शीत गृह सुविधाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन भौगोलिक प्रसार की कमी बनी हुई है। साथ ही साथ एकीकृत बहु-सामग्री केंद्रों के उन्नयन की भी आवश्यकता है। संगठित निर्माण कार्यबल के 11.4प्रतिशत क्षेत्र को रोजगार देने के बावजूद, भारत का सकल मूल्य वर्धित-जीवीए विनिर्माण क्षेत्र में एफपीआई का हिस्सा 9.7प्रतिशत है, जो कि इंडोनेशिया में 35.5प्रतिशत और न्यूजीलैंड में 34.3प्रतिशत की तुलना में काफी कम है। इस क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक कुशल कृषि की स्थापना में योगदान करने के लिए, सरकार को पांच प्रमुख क्षेत्रों में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता होगीः पहला, एक ज़िला, एक उत्पाद की पहल के हिस्से के रूप में, सरकार सभी रणनीतिक रूप से स्थित हितधारकों की पहचान कर आपूर्ति श्रृंखला में मौजूदा अड़चनों का एक जिला स्तरीय फसलवार मूल्यांकन कर सकती है। इन हितधारकों में किसान, कृषक सहकारी / निर्माता कंपनियां और निजी उद्यम जैसे एकल निवेशक, व्यापारी, खाद्य उद्यम, ऑनलाइन और ऑफलाइन सुपरमार्केट, निर्यातक और खुदरा श्रृंखला शामिल होंगे। दूसरा, जिला स्तर पर किसान के लिए इनपुट्स, क्रेडिट और मार्केटिंग से संबंधित

जानकारी और सेवाओं को एकत्र करके फसल कटाई के बाद प्रबंधन की प्रौद्योगिकियों को अपनाना और व्यवहारिक तथा आर्थिक रूप से सक्षम बनाना, जो वर्तमान में स्थानीय व्यापारी द्वारा किया जाता है। किसानों और सामाजिक मानदंडों के अंतरंग ज्ञान के साथ ये स्थानीय दलाल जोखिम मूल्यांकनकर्ता, सूचना एकत्र करने और विश्वास निर्माण के लिए प्रभावशाली उत्प्रेरक होने के लिए आदर्श उम्मीदवार हैं। इसलिए, एफपीआई के व्यापार मॉडल में ऐसे प्रमुख स्थानीय दलालों की भूमिका को बनाए रखना महत्वपूर्ण है, जैसा कि आईटीसी के ई-चौपाल और नाबार्ड के मा-थोटा कार्यक्रम द्वारा किया गया है। इसके अलावा, अब किसान अपनी उपज को मंडियों से हटकर भी बेचने के लिए स्वतंत्र हैं, सेवा और सूचना एकत्रीकरण के वैकल्पिक स्थानों का निर्माण ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के महत्वपूर्ण हैं। पीएचएम के निर्माण के लिये यह ग्रामीण हाट में, मूल्य खोज के लिए ई-नाम केंद्र, भंडारण के लिए डब्ल्यूडीआरए पंजीकृत गोदामों और प्रौद्योगिकी प्रसार के लिए कृषि प्रसार केंद्रों और प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों में उभर सकते हैं। तीसरा, स्थानीय रूप से उपलब्ध सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को पास के उत्पादन समूहों के साथ एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करना ताकि वे बड़े निजी व्यवसाइयो से मुकाबला कर सकें। इसे निवेश बंधु पोर्टल और इंडिया इनवेस्टमेंट ग्रिड जैसे निवेशक मंच के माध्यम से सुगम बनाया जा सकता है, जो किसानों / एफपीओ के लिए पिछड़े संपर्कों के साथ आगे बढ़ सकते हैं। चौथा, एफपीआई प्रशिक्षण चैनलों के माध्यम से स्थानीय क्षमता की ज़रूरतों से निपटने की आवश्यकता है। विशेष रूप से, किसानों / एफपीओ और खाद्य उद्यमों के लिए डिजिटल माध्यम के रूप में काम करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को बुनियादी आईटी प्रशिक्षण प्रदान करें। इसके अलावा, प्रमुख पीएचएम कौशल के साथ मंडी मजदूरों की लोडिंग, अनलोडिंग, सफाई और पैकेजिंग के कौशल विकास से भी एफपीआई आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार होगा। पांचवां, ताजा उत्पादन और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के प्रति उपभोक्ता वरीयताओं में बदलाव कोविड के बाद के उभरते संकेतों का अध्ययन करने के लिए उपभोक्ता व्यवहार विश्लेषिकी फर्मो को शामिल करें। एफपीआई की मांग-आपूर्ति डेटा द्विभाजन को पाटने के लिए और एफपीआई निवेश के लिए संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए ई-ताल (ई-टीएएएल) पर एम-किसान और किसान कॉल सेंटरों के माध्यम से एकत्र किए गए बड़े पैमाने पर डेटा का विश्लेषण भी फर्म कर सकते हैं।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सुनो अंगड़ाई सी

सुनो अंगड़ाई सी ली है आज इश्किया मौसम ने मेरे शहर में, हल्की-हल्की सर्द हवाओं ने बांहों मे मोहब्बत भरके दस्तक दी है आज मेरे शहर मे। शोखियों से भरा नवंबर खुद मे ही इतराता है.... सुर्ख फूलों पे लिखकर गज़ल आशिकी कि, भंवरो को रिझाता है। मुरझाए गुलिस्तां मे महफ़िल सजी है फिर शायरों ने करवट ली है आज मेरे शहर मे। **- किरन भण्डारी**

जिसकी कोई नहीं

जिसकी कोई नहीं सुनता है, उसका भी तो हक बनता है. मजदूरों का चूल्हा जलता, खून-पसीना जब सनता है. राजमहल की प्यास बुझाने, रक्त गरीबों का छनता है. खउवा नेता बोल रहा है, अगर गलत है तो जनता है. सच्ची बात कहेंगे साहब, तने अगर नथुना तनता है। **- निश्चय बाजपेई**

खास पाती

दो विपरीत पांत में चलती

दो विपरीत पांत में चलती चींटियां पल के चौथे भाग तक रूकती हैं आमने-सामने, जाने क्या बातें करती हैं ? उड़ते-उड़ते हवा में दो भौंरे या ड्रैगन -फ्लाई रूकती हैं आस-पास जाने क्या बातें होती हैं निमेष पल में ? बादलों के स्याह-सफेद फ़ाहे रूकते हैं बिखरे नक्षत्र तले घुलमिल खो जाते हैं एकादशी चाँद में, जाने क्या बातें होती हैं ? हम और तुम जाने कितनी बार मिलते हैं आमने -सामने रूकते है पल के सौवें हिस्से तक अनदेखे अनसुने- जाने क्या बातें होती है इस रूके पल में ? **- शेष अमित**

कुछ रिश्तों के नाम नही होते वो

कुछ रिश्तों के नाम नही होते, वो निभाते है सालों-साल जीवन का हर क्षण , जो देता है हमे सुकून!! एक आस ,एक उम्मीद,एक सपना जो पलता है,इन खूबसूरत आँखों मे, जिन्हें मिलते है पंख उड़ने को,,उनसे, जिन रिश्तों के नाम नही होते! क्या रिश्तों का नाम होना जरूरी है? नही पता मुझे, भाई, मित्र ,सखा, या आपके मन को समझने वाला! नही,,,,,, जो मन से जुड़े ,मन की गहराई को समझे, वही कोई अपना है! भले ही कोई कहे,,, कि कुछ रिश्तों के नाम नही होते। **- सपना परिहार**

यूं तो उनसे मिले.. इक जमाना गुजर

यूं तो उनसे मिले.. इक जमाना गुजर गया.. पर पलकों के सिरहाने वो आज भी बैठे हैं जाफरानी इश्क??से सुनो ....गर चले गये हो तो अब चले भी जाओ न, क्यूं पलकों पर हर रोज दर्द की बरसात रख देते हो। दिल के प्याले में उड़ेलते हो शाम अपनी यादों का जहर , क्यूँ इन होंठों पर जमाने भर की प्यास रख देते हो। **- किरण मिश्रा**

भेड़-बकरियों को लेकर मैं नित्य

भेड़-बकरियों को लेकर मैं नित्य चराने जाती कुदरत के संग अपनी निष्ठा हरदिन मैं दोहराती जीवों के संग जीव सरीखा अपना हो व्यवहार कर्म कोई होता ना छोटा,सबको यह सिखलाती अपनी दिनचर्या पर खुद को होना चाहिए गर्व हुनर सभी में होता है जिस पर मैं भी इतराती नित्य नये अनुभव होते हैं, ना सीखा घबराना छोटी-छोटी सी बातों को घर पर मैं बतलाती चरवाहों का जीवन भी होता है कितना दूभर अपनी ही मस्ती में लेकिन रहती मैं इठलाती। **- जे डी कुदाल**

बेशक थी आखिरी बार तुम्हे देखने

बेशक थी आखिरी बार तुम्हे देखने की ख्वाहिश, आखिरी बार मिली तुमसे ,तो बहुत कुछ बदल चुका था तुम्हारे हाथो की जकड़ बातों की पकड़ खुद पर गौर किया मैने जब, तो पाया बदल चुकी थी मेरी मुस्कराहट पहली सी नही थी अब चाहत उस वक्त अहसास हुआ वक्त के साथ साथ वक्त बदल जाता है काश मुट्ठी मे रख लेते वक्त को बदलने से पहले काश काश ही रह जाता है। **- मीता खुराना**

मेघ ने मुस्कुराकर सफ़ेद आसमां

मेघ ने मुस्कुराकर सफ़ेद आसमां मेरे दामन में डाल दिये खुद मेरी आँखों में समा गये प्रेम सागर की नील धरा में था मैंने ख़ामोशियाँ साहील को सौप दी। **- अनामिका चक्रवर्ती**

आप केवल एक ही व्यक्ति रह

आप केवल एक ही व्यक्ति रह सकते हैं जो आप पर विश्वास करता है, लेकिन यह पर्याप्त है । अंधेरे के ब्रह्मांड को छिदवाने के लिए सिर्फ एक सूर्य की आवश्यकता होती है । कभी हार मत मानो। **- अरूणा राव**

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ में किस वर्ष से 'कृषि बजट' अलग से पेश किया जा रहा हे?
2) कृषि जलवायु क्षेत्र के आधार पर राज्य को कितने भागों में बाँटा गया है?
3) रायपुर स्थित चावल अनुसंधान केन्द्र को कब प्रादेशिक कृषि अनुसंधान स्टेशन के रूप में परिवर्तित कर दिया गया?
4) छत्तीसगढ में किस पंचवर्षीय योजना में राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन प्रारम्भ किया गया था?
5) जनजाति का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) वर्ष 2012-13 (2) तीन (3) वर्ष 1979 (4) 10वीं पंचवर्षीय योजना (5) मुड़िया जनजाति

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1796 - पेशवा माधव राव द्वितीय ने आत्महत्या की। 1867 - नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबिया की आधारशिला रखी गयी। 1875 - अर्जेंटीना में पहले टेलीग्राफिक कनेक्शन की शुरुआत। 1879 - ब्रिटिश शासन में पहला राजद्रोह का मुकदमा बसुदेव बलवानी फड़के के खिलाफशुरू हुआ। 1883 - न्यूयॉर्क में ओपेरा हाउस का उद्घाटन। 1900 - भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अशफ़ाक उल्ला खाँ का जन्म। 1937 - प्रसिद्ध हिन्दी फ़िल्म अभिनेता एवं पटकथा लेखक कादर खान का जन्म। 1962 - भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना 'भाखड़ा नांगल' राष्ट्र को समर्पित की गयी। 1964 - फ्रांसिसी दार्शनिक एवं लेखक ज्यां पाल सार्त्र ने नोबेल पुरस्कार ठुकराया। 1975 - 'वीनस-9' अंतरिक्षयान का शुक्र ग्रह पर अवतरण। 1975 - तुर्की के राजनयिक की वियना में गोली मारकर हत्या। 2004 - अंकटाड रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में निवेश में भारत 14वें स्थान पर। सीका सम्मेलन में सदस्य देशों ने आतंकवाद से मिलकर निपटने का संकल्प व्यक्त किया।2006 - अफगानिस्तान में नशीली दवाएं जब्त की गईं। 2007 - चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की कमान संभाली। 2008 - श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से चन्द्रयान-1 का सफल प्रक्षेपण किया गया। 2014 - माइकल जेहाफ बिडायु ने ओटावा में कनाडा की संसद पर हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये।

माधुरी दीक्षित की 'याराना' के प्रदर्शन के 25 साल पूरे

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित और दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर की जोड़ी वाली फिल्म 'याराना' के प्रदर्शन के 25 साल पूरे हो गये हैं। डेविड धवन के निर्देशन में बनीं फिल्म 'याराना' 20 अक्टूबर 1995 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में माधुरी, ऋषि कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आई थीं। राज बब्बर ने फिल्म में विलेन का किरदार निभाया था। माधुरी ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म से जुड़ी कुछ यादें शेयर कीं। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर चार तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें उनके अलावा दिवंगत ऋषि कपूर और दिवंगत कोरियोग्राफर सरोज खान भी नजर आ रही हैं। ऋषि कपूर के साथ माधुरी की ये तस्वीर फिल्म सीन की है। वहीं, उनकी बाकी की दो तस्वीरें भी फिल्मी सीन की हैं। एक तस्वीर जिसमें माधुरी, सरोज खान के साथ डांस प्रैक्टिस करती हुई नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए माधुरी ने लिखा, ÷ऋषि जी के साथ का काम करना और 'मेरे पिया घर आया' सॉन्ग के स्टेप्स सरोज जी से सीखना मेरे लिए एक सुखद यादगार,आज याराना के 25 साल पूरे हो गए हैं। उन दोनों को याद कर रही हूं। यह उनको और पूरी टीम को समर्पित है।

रिलीज होते ही छा गया नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह का वीडियो सॉन्ग

नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह का गाना 'नेहू दा व्याह' रिलीज हो गया है। गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। रिलीज होने के एक घंटे के अंदर ही इसे 4 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं। गाने में नेहा और रोहनप्रीत की रोमांटिक जोड़ी को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। 'नेहू दा व्याह' गाने को नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह ने गाया है। वहीं, 'देसी म्यूजिक फैक्ट्री' नाम के एक यूट्यूब चैनल पर इसे रिलीज किया गया है।

कार्तिक आर्यन ने नए लुक में फिल्म शूट करने की जताई इच्छा

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह फैन्स के लिए अक्सर मजेदार पोस्ट शेयर करते रहते हैं। अब उन्होंने अपनी एक फोटो साझा की है, जिसे बहुत पसंद किया जा रहा है। कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट पर एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपना रिएक्शन दिया है। फोटो में कार्तिक आर्यन शेरवानी में नजर आ रहे हैं। वह लंबे बाल और बढ़ी हुई दाढ़ी में दिख रहे हैं। इस तस्वीर को पोस्ट करते हुए कार्तिक आर्यन ने इच्छा जाहिर की कि वह इस लुक में फिल्म शूट करना चाहते हैं। उन्होंने यह सवाल अपने फैन्स से भी पूछा। कार्तिक ने फोटो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, 'इस लुक में फिल्म शूट करना करना चाहिए न?'

नोरा फतेही 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के सेट पर लौटीं वापस

नई दिल्ली। बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा नोरा फतेही अपने नए गाने नाच मेरी रानी को लेकर चर्चा में है। हाल ही में इस वीडियो सॉन्ग को जारी किया गया, जिसमें वह सिंगर गुरु रंधावा के साथ नजर आई। अब नोरा का एक और नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वह शो इंडियाज बेस्ट डांसर के सेट पर नजर आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि नोरा फतेही शो के मंच पर नाच मेरी रानी गाने पर जबरदस्त डांस करते हुए दिख रही हैं। वहीं, जज गीता कपूर और मलाइका अरोड़ा भी उनका साथ दे रहे हैं। वीडियो को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है। मालूम हो कि नोरा और सिंगर गुरु रंधावा का गाना नाच मेरी रानी रिलीज होने के बाद से यूट्यूब पर नंबर 1 पर ट्रेंड कर रहा है। इस गाने को गुरु रंधावा और निकिता गांधी ने मिलकर गाया है। तनिष्क बागची ने इस गाने को लिखा और उन्होंने ही इस कंपोज किया है। वीडियो सॉन्ग को अभी तक 2 करोड़ 18 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। बता दें कि नोरा हाल ही में इंडियाज बेस्ट डांसर शो में बतौर जज नजर आई थीं। दरअसल, मलाइका अरोड़ा ने कोरोना से संक्रमित होने के बाद शो से कुछ दिनों का ब्रेक ले लिया था। ऐसे में मलाइका की जगह नोरा फतेही अन्य जजेस के साथ मिलकर शो को जज कर रही थीं हालांकि, मलाइका के वापस लौटने के बाद नोरा ने शो से विदाई ले ली थी।

सनी लियोनी और करिश्मा तन्ना बनेंगी 'बुलेट्स'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की हॉट अभिनेत्री सनी लियोनी और करिश्मा तन्ना की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाती नजर आयेंगी। सनी लियोनी और करिश्मा तन्ना को लेकर फिल्म 'टीना एंड लोलो' बनायी जा रही थी। बाद में यह फिल्म डिब्बा बंद हो गई। ओटीटी के जमाने में टीना एंड लोलो को वेबसीरिज की शक्ल दे दी गई है। इस फिल्म का नाम अब 'बुलेट्स' रखा गया है। फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है। एमएक्स प्लेयर पर यह सीरिज 30 अक्टूबर से दिखाई जाएगी।

देवांग ढोलकिया निर्देशित इस फिल्म में सनी लियोनी और करिश्मा तन्ना का सेक्सी अवतार नजर आ रहा है। साथ में ये दोनों एक्शन करती भी नजर आ रही हैं। इस ट्रेलर में टीना और लोलो की जिंदगी की झलक देखने को मिल रही है। ये दोनों दो देशों के बीच होने वाली हथियारों की गैर कानूनी डील में उलझती हैं। पुलिस और गुंडे पीछे लग जाते हैं और दोनों अपने आपको बचाने में लग जाती हैं।

एमएसएमई के क्षेत्र बना रहे उत्सव का माहौल

70 से अधिक विक्रेता करोड़पति और 10,000 विक्रेता लखपति बन चुके

द बिग बिलियन डेज के दौरान 3 लाख से अधिक विक्रेता, जिसमें से 60: टियर 2 और उससे बाद के क्षेत्रों से हैं, पूरे भारत के 250 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों के त्योहार को खुशियों से भर रहे हैं। किफायती और बेहतर वैल्यू के साथ द बिग बिलियन डेज 'न्यू नॉर्मल' के समय भारतीय ग्राहकों की मांग को पूरा कर रहा है। इस साल किराना, एमएसएमई और ब्रैंड्स सहित साथ पूरा रिटेल ईकोसिस्टम द बिग बिलियन डेज को खास बनाने के लिए एक साथ आया है। स्थानीय एमएसएमई में है त्योहार की खुशी- मार्केटप्लेस विक्रेता स्थानीय एमएसएमई कारीगर और बुनकर सभी एक साथ आए हैं जिसमें से 60: टियर 2 और उसके बाद की श्रेणी के क्षेत्रों से हैं। विक्रेताओं की पहुंच में इस साल 20: की वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 3000 से ज्यादा पिनकोड तक पहुंच गई है। टीबीबीडी 2020 के पहले 2 दिनों में ही मार्केटप्लेस विक्रेताओं ने वह वृद्धि हासिल की जो उन्होंने टीबीबीडी 2019 के दौरान 6 दिनों में देखी थी। इससे देश भर के ग्राहकों से आ रही बढ़ी मांग का भी पता चलता है। यह फ्लिपकार्ट लॉजिस्टिक्स की सुरक्षित सप्लाई चेन और मजबूत एसओपी के प्रति ग्राहकों के भरोसे को भी दर्शाता है। त्योहार के इस सीजन में अर्ली एक्सेस और टीबीबीडी 2020 के तीन दिनों के दौरान 70 से अधिक विक्रेता करोड़पति और 10,000 विक्रेता लखपति बन चुके हैं। पूरे देश के ग्राहकों के बीच आवश्यक उत्पादों की मांग सबसे ज्यादा है और वे अपने परिवार को कोविड-19 से बचाने के लिए पूरी सावधानी बरत रहे हैं। घरेलू और पर्सनल केयर उत्पादों से जुड़े विक्रेताओं के व्यापार में दिन प्रतिदिन वृद्धि हो रही है।

इस साल फ्लिपकार्ट होलसेल (फ्लिपकार्ट ग्रुप का डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस) और बेस्ट प्राइस स्टोर्स द बिग बिलियन डेज इकोसिस्टम में शामिल हुए हैं ताकि त्योहारी सीजन के दौरान खुदरा विक्रेताओं और किराना स्टोर्स को बेहतर वैल्यू दी जा सके। टीबीबीडी 2020 के पहले दो दिनों (16 - 17 अक्टूबर) में फ्लिपकार्ट होलसेल और बेस्ट प्राइस (कैश-एंड-कैरी) स्टोर्स दोनों में फैशन, फैशन ऐक्सेसरीज और किराना के सामान से जुड़े 35,000 से अधिक खुदरा विक्रेता और 18,000 किराना स्टोर्स शामिल हुए फ्लिपकार्ट होलसेल की लगभग आधी बिक्री टियर 2 और टियर 3 शहरों में हुई।

राजस्थान में डबल ट्री बाइ हिल्टन ब्रांड की शुरुआत

जयपुर (वार्ता)। हिल्टन ने डबल ट्री बाई हिल्टन जयपुर आमेर के उद्घाटन के साथ भारत में अपनी मौजूदगी का विस्तार करना जारी रखा है। विश्व प्रसिद्ध पिंक सिटी का आनंद लेने और यहां घूमने आने वाले मेहमानों का स्वागत करने के लिए, हिल्टन के पास अब जयपुर में दो सुंदर होटल हैं। यह होटल राजस्थान में हिल्टन के पहले डबल ट्री की शुरुआत है। डबल ट्री बाई हिल्टन जयपुर आमेर का स्वामित्व गोवर्धनधाम एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के पास है और इसका प्रबंधन हिल्टन करता है। राष्ट्रीय राजमार्ग आठ पर दिल्ली से जयपुर जाने वाले यात्रियों के लिए होटल पहुंचना सुविधाजनक है, क्योंकि यह शहर के बाहरी इलाके में है और ऐतिहासिक और प्रसिद्ध आमेर के किले के साथ-साथ शहर के जल महल, जयगढ़ किला, हाथी गांव इत्यादि जैसे प्रमुख धरोहर स्थलों के निकट है।

टाटा मोटर्स ने ग्राहकों के लिए लॉन्च किया ग्राहक संवाद

मुंबई। भारत में कॉमर्शियल वाहनों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने और विश्वस्तरीय उत्पादों की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देते हुए 23 से 31 अक्टूबर 2020 तक ग्राहक संवाद 2020 आयोजित करने की घोषणा की है। टाटा मोटर्स 1 नवंबर 2020 से ग्राहक सेवा महोत्सव नामक एक राष्ट्रव्यापी सर्विस कैंपेन भी शुरू करने जा रहा है जो 30 नवंबर तक चलेगा। वह 23 अक्टूबर 2020 को नेशनल कस्टमर केयर डे भी मनाएगा। ग्राहकों और चैनल पार्टनर्स के बीच लोकप्रिय इन पहलों में कस्टमर फीडबैक सेशन चैनल पार्टनर्स का अभिनंदन और टाटा मोटर के सभी कॉमर्शियल वाहनों के लिए देशव्यापी चेक.अप कैंप शामिल हैं। बीते वर्षों में टाटा मोटर्स ने रोजाना हजारों ग्राहकों को इस कार्यक्रम में पहुंचकर लाभान्वित होते देखा है। ग्राहक सेवा महोत्सव टाटा मोटर्स के कॉमर्शियल वाहन मालिकों के लिए सर्विस कैंपेन है जो 1 नवंबर से 30 नवंबर 2020 तक भारत में 1500 से ज्यादा डीलरों और टाटा के अथोराइज्ड सर्विस स्टेशनों में चलेगा।

के2 टीएमटी ने पेश किया प्रीमियम टीएमटी ब्रांड के2 ज़ेनॉक्स

नई दिल्ली। भारत की सबसे युवा और तेजी से बढ़ती टीएमटी बार विनिर्माता के2 (ऋङ्ग2) टीएमटी ने आज घोषणा की है कि कंपनी ने अपनी ब्रांड पहचान में इज़ाफा किया है और इसके साथ ही नया प्रीमियम टीएमटी ब्रांड ÷के2 ज़ेनॉक्स÷ लांच किया। कंपनी का इरादा टीएमटी बार के विनिर्माण में नई तकनीक अपना कर टीएमटी सैगमेंट में अपनी पहुंच को मजबूती देना है। के2 ज़ेनॉक्स, के2 टीएमटी बार का प्रीमियम ब्रांड है जो ऐसा अनूठा रिब डिजाइन पेश करता है ।

न्यायालय नायब तहसीलदार, भाटापारा के न्यायालय में मामला क्रमांक 202010212500003

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 20-21
सूरजपुरा प.ह.नं. 00004(496/1 (0.2640 हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - मुकेश कुमार लालवानी, संतोष नायक
अनावेदक पक्षकार - बुन्दकुवर, किरीतराम वर्मा धानमति, बिमलाबाई

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मुकेश कुमार लालवानी पिता रामचंद लालवानी निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा के द्वारा ग्राम सुरजपुरा प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. वो तहसील भाटापारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 496/1 रकबा 0.264 हे. लगान 0.20 रुपए भूमि को विक्रेता/ अनावेदकगण किरीतराम पिता जैतराम वर्मा वगैरह निवासी वो काश्तकार ग्राम सुरजपुरा से पंजीकृत बैनामा द्वारा दिनांक 28.06.2010 को बैनामा कीमती 3,62,000/- अक्षरी तीन लाख बैसठ हजार रुपए में कृषि प्रयोजन हेतु क्रय किए जाने से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र मय पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रकरण मद अ-6 में दर्ज किया जावे जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 23.10.2020 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 23.10.2020 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/09/2020 को जारी किया जाता हैं।

सील
कावेरी मुखर्जी
नायब तहसीलदार, भाटापारा

न्यायालय नायब तहसीलदार मंदिर हसौद, तहसील आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202010113500044/ ब-121/2020-2021
ग्राम-छतौना, प.ह.नं.-16

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स सुनील कुमार अग्रवाल कांटेक्टर गर्ल्स कॉलेज के पास, रायगढ़ के आवेदन प्रस्तुत किया है, कि द्वारा ग्राम-छतौना प.ह.नं. 16, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील आरंग, जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 47, 48 भूमि जो आवेदक के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है, जिस पर आवेदक स्वयं के उपयोग हेतु HSD भण्डारण किए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने हेतु आवेदक के द्वारा उक्त के संबंध में आवेदन पत्र कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जांच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 27.10.2020 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

सील
नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र.-157/2020-21
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 57/डी-47 शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री दीपक धर्मानी पिता स्व. श्री रतनलाल धर्मानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती नोविता सिन्हा पति श्री लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

चोटिल ब्रावो हुए आईपीएल से बाहर

खराब प्रदर्शन से जूझ रही चेन्नई सुपरकिंग्स को उसके आलराउंडर ड्वेन ब्रावो के ग्रोइन चोट के कारण आईपीएल के शेष सत्र से बाहर हो जाने से गहरा झटका लगा है।

दुबई (वार्ता)। वेस्ट इंडीज के ब्रावो अब आईपीएल छोड़कर स्वदेश लौटेंगे। ब्रावो को ग्रोइन चोट 17 अक्टूबर को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच के दौरान लगी थी। इस चोट के कारण ब्रावो उस मैच में आखिरी ओवर नहीं फेंक पाए थे और चेन्नई को हार का सामना करना पड़ा था। चेन्नई टीम के सीईओ काशी विश्वनाथन ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि ब्रावो ग्रोइन चोट के कारण आईपीएल के शेष सत्र से बाहर हो गए हैं। वह कल स्वदेश लौटेंगे। टीम प्रबंधन इस बात का फैसला करेगा कि ब्रावो की जगह कोई खिलाड़ी लेना है या नहीं। दिल्ली को आखिरी ओवर में जीत के लिए 17 रन चाहिए थे लेकिन ड्वेन ब्रावो के चोटिल होने के कारण कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने यह ओवर लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा को दिया। इस ओवर में तीन छक्के पड़े और चेन्नई को हार का सामना करना पड़ा।

Public Works Department
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, PWD AMBIKAPUR CIRCLE AMBIKAPUR
REOUEST FOR PROPOSAL (RFP)

No. 105/G
Ambikapur, Dated 16.10.2020

Public works Department (PWD) invites proposal for Hiring of airport cinsltant for planning development, Estimation, and structural design, detailed engineering of ambikapur airport and airport licensing related all regulatory approval work for upgradation of Abmikapur airport from category 2B to 3C and Accordingly licensing of ambikapur airport
Probable cost of project- 4449.43 Lacs
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

1.	**Airport project cost -**	Rs.44.50 crore
2.	**The firms, firms forming Joint venture/ - consortium shall be at least**	7 tears lod Individuallt
3.	**In last five years & or current year must have/ - Planned, designed, developed at least One Greenfield Airport project worth minimum**	Rs 35.40 crore
4.	**Earnest money (In shape ar per annexure I) - Favor of Executive Engineer, PWD Ambikapur Division Ambikapur**	Rs. 83500.00

General condition :- All the documents & Information as per para 7.4 shall be submitted throuth speed post/ Registered post, so as to reach the office of under signed on or before dtaed **05.11.2020** by by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.
The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/ pwdraipur from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application with out assigning any reason. Right to modify the process of Per-qualiffication is reserved with CG.PWD.

G-84420/3
Superintending Engineer
Public Works Department
Ambikapur Circle Ambikapur

CHHATTISGARH MEDICAL SERVICES CORPORATION LTD.
(Chhattisgarh Govt. Undertaking)
TENDER REF.NO:147E(P)CGMSC/NIRMAN/EQP/2020-2021, Dt 20/10/2020

Short Tender Notice (First Call)

e-TENDER FOR Rate Contract of Design, Supply, Installation, Testing, Commissioning and Validation of Modular Operation Theatre at various locations in Chhattisgarh

Online Tenders are invited from Private Ltd./ Partnership firm/ Proprietary firm/ Manufacturers/ Authorized Distributors/ Authorized Dealers/Authorized companies Supplier. for Disign, Supply, Installation, Testing and Commissiong. The details of tender. list of tiems with indicative quantity and Tender Documents are made available on website http://www.cgmsc.gov.in & www.eproc.cgstate.gov.in. The last date/ time of online submission of the tender documents is 29/10/2020 at 17:30 pm.

Sd/-
Managing Director
S.-26749/1
CGMSC Ltd. Raipur, Chhattisgarh

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2020/2670/217
भिलाई, दिनांक 16/10/2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	आवेदन दिनांक	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड-01 जुनवानी में बस स्टॉप निर्माण कार्य	3.96	02.11.2020	09.11.2020
2	वार्ड-03 निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम में सीवर लाईन बिछाने का कार्य।	2.20	02.11.2020	09.11.2020
3	वार्ड-07 मैत्री विहार कालोनी में महिला सामुदायिक भवन के पास शौचालय निर्माण कार्य।	1.50	02.11.2020	09.11.2020

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com एवं चीप्स की वेबसाईड eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें।
अपील - समस्त शहरवासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी/ कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में भेजें।

जोन आयुक्त

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं M PARVEEN BANO W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE निवासी WARD NO 41, NEW MASJID K AGE, SUBHASH NAGAR, DURG, DIST DURG, (C.G.) PIN 491001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम PARVEEN BANO W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम PARVEEN BANO W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE से ही जाना पहचाना जावे।

PARVEEN BANO
WARD NO 41,NEW MASJID K AGE, SUBHASH NAGAR, DURG , DIST DURG , (C.G.) PIN 491001

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी-बलौदाबाजार वनमण्डल बलौदाबाजार (छ.ग.)
New Bus Stand, Balodabazar, Email- dfo_balodabazar@rediffmail.com, 0772-7223526
(निविदा सूचना)
मैनुअल पद्धति से संक्षिप्त निविदा सूचना (वन विभाग)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रायपुर वृत्त रायपुर अंतर्गत बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा अभ्यारण्य में स्थित चीतल रेस्टोरेंट के संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्तें अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से सूचना प्रकाशन के पश्चात कार्यालयीन दिवस में दिनांक 27.10.2020 को 12.00 बजे दोपहर तक 1000/- का डिमांड ड्राफ्ट वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार के नाम से देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है। प्रथम बार में निविदा दिनांक 27.10.2020 को कार्यालयीन समय अपरान्ह 4.00 खोली जावेगी। किसी भी प्रकार के विवाद में प्रथम निविदा असफल होने पर निविदा की द्वितीय तिथि 29.10.2020 को अपरान्ह 4.00 बजे निर्धारित की जाती है। उक्त हेतु विस्तृत जानकारी वन विभाग के वेबसाईड cgforest.com एवं कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

जी-84442/2
वनमण्डलाधिकारी,
बलौदाबाजार वनमण्डल बलौदाबाजार

सड़क निर्माण राशि में अनयमितता की शिकायत

देवभोग। ग्राम पंचायत सुकलीभांठा पुराना के संरपच एवं सचिव द्वारा सी.सी सड़क के नाम पर 2 लाख से अधिक राशि निकालकर चंद कदम सड़क निर्माण की शिकायत पर आज एस डी ओ और पी ओ जांच करने पहुंचे जहां प्राथमिक दृष्टि में लागत से कम सीसी सड़क बनाने की बात सामने आई है । उल्लेखनीय है कि ग्राम सुकलीभांठा के निवासी बिहारीलाल प्रधान रंजन यादव डमरू धार यादव सहित अन्य ग्रामीण 2 महीना पहले एस.डी.एम को शिकायत करते हुए बताया रहा कि सरपंच सचिव द्वारा 14वें वित्त के तरह किशोर घर से बंशी घर तक सीसी सड़क निर्माण के लिए 2 लाख 66 हजार राशि निकाल लिया लेकिन जितनी राशि निकाली गई उसके अनुरूप सड़क नहीं बनाया। चंद कदम सड़क निर्माण कर सरपंच सचिव ने आधा से जल्दी राशि डकार लिया। जबकि ग्रामीणो द्वारा सड़क पूरी निर्माण करने की मांग करते रहे ताकि कीचड़ भरे रास्ते से निजात मिल सके ।लेकिन सरपंच सचिव आज कल में निर्माण करने की बात कह कर टाल देते हैं। जिस से नाराज ग्रामीणो ने सीधा एसडीएम अनुपम टोप्पो से शिकायत किया। और एसडीएम द्वारा जांच कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित दिया इसी के मद्देनजर जांच अधिकारी राधाकृष्णा शर्मा के नेतृत्व मे बिन्दुवार जांच किया गया जिसमें 10 से 15 मीटर तक सड़क नहीं बनने का बात कर रहे हैं । जबकि दूसरी ओर शिकायतकर्ता लागत अनुसार सड़क निर्माण नहीं होने का दावा कर रहे हैं। हालांकि मामला जांच अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट सौंपने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा लेकिन इससे पहले ही जांच अधिकारियों पर जांच को रफा-दफा करने का आरोप भी लगाया जा रहा है।

> अधिकारी जांच में पहुंचे थे जमीन विवाद होने के कारण हमने दूसरी जगह सीसी सड़क बनाएं
>
> **अनूप सिंह ठाकुर,** सचिव ग्राम पंचायत सुकलीभांठा

40 की जांच रिपोर्ट क़ोरोना पॉज़ीटिव

महासमुंद। महासमुंद जिले में मंगलवार को 583 कोरोना संदिग्ध व्यक्तियों की जाँच की गई । जिसमें 40 लोगों की कोरोना जाँच रिपोर्ट पॉज़ीटिव आयी है। आज की जाँच आरटीपीसीआर से 152, ट्रू-नाट से 70 और एंटीजन से 361 टेस्ट किए गए। सर्वाधिक महासमुंद विकासखंड 14, पिथौरा विकासखंड में 10,बागबाहरा में 7, बसना विकासखण्ड 6, और सरायपाली विकासखण्ड से 3 की जाँच रिपोर्ट में कोरोना पॉज़ीटिव पाए गए। ज़िला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 4042 पॉज़ीटिव आए जिनमें से 3071 स्वस्थ्य होकर अपने घर सुरक्षित पहुँचे। आज 54 क़ोरोना पॉजीटिव पूरी तरह ठीक हो कर अपने घर गए । आज की तारीख़ में जिले में एक्टिव मरीज़ों की संख्या 869 है ।

ज्वेलरी शॉप से दो लाख के गहने की उठाईगिरी

महासमुंद। एक ज्वेलरी शॉप में गहने दिखाने के नाम पर उठाईगिरी हो गई। पटेवा पुलिस के अनुसार झलप के कंसारी ज्वेलर्स में दोपहर एक व्यक्ति पहुंचा। दुकान में उसने कई तरह के सामान देखा। उसने दुकान संचालक को उलझाए रखा और करीब 2 लाख रुपए की ज्वेलरी पार कर दी। सालभर पहले भी उक्त दुकान में इसी तरह की घटना हुई थी। थाना प्रभारी मल्लिका तिवारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर कंसारी ज्वेलर्स में एक व्यक्ति दुकान संचालक से सामान दिखाने कहा। घटना के समय ज्वेलर्स संचालक भोजन करने घर गया था, दुकान में उनके पिताजी बैठे थे। अज्ञात ने सोने-चांदी के कई आभूषण देखे और बातों में बुजुर्ग को उलझाए रखा। कुछ देर बाद वह चला गया। बुजुर्ग ने जब सामान समेटना शुरू किया तब उन्हें पता चला कि कई ज्वेलरी गायब है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की जांच में जुट गई है।

आईपीएल में लाखों का दांव, सटोरिया गिरफ्तार

महासमुंद। चेन्नई सुपर किंग एवं राजस्थान रॉयल आईपीएल मैच के दौरान हार-जीत पर रूपए का दांव लगाते संतपाली के एक व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से 1.15 लाख रुपए नगदी सहित सट्टा-पट्टी बरामद की गई। सायबर सेल की टीम ने सूचना पर संतपाली पहुंचकर घेराबंदी की और तेजराम देवांगन (40) को पकड़कर पूछताछ की। उक्त आरोपी के मोबाइल आईपीएल. एप्लीकेशन तथा लाखों रूपए का लेन-देन पाया गया। आईपीएल क्रिकेट मैच सट्टा-पट्टी खिलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 नग मोबाइल 10 हजार रुपए, 01 नग सट्टा-पट्टी 1 लाख रूपए, 01 नग डाट पेन, नगदी 5,500 रूपए जुमला कीमती 1,15,500/- रूपए जब्त कर थाना सरायपाली में धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

स्कूल से चावल चोरी

महासमुंद। शहर से लगे तुमाडबरी प्राथमिक शाला से अज्ञात ने चावल की चोरी कर ली। स्कूल के प्रधानपाठक प्रकाश गिरी गोस्वामी (49) ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात अज्ञात ने चैनल गेट का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और स्कूल से ढाई क्विंटल मीड डे मील योजना का चावल पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

महिला ने लगाई फांसी

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बानीगिरोला में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कामय कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक बानीगिरोला निवासी गौरीबाई पटेल (35) ने अज्ञात कारणों से बुधरी खार के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

अज्ञात कारण से महिला की मौत

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के अरेकेल में एक वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक डुलेश्वरी यादव (63) का तहसील कार्यालय के सामने अचानक मौत हो गई।

पिता-पुत्री के साथ मारपीट

महासमुंद। नशे की हालत में पिता-पुत्री के साथ मारपीट कर दी। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बंसुलाडीह निवासी सेम कुम्हार ने पुलिस को बताया कि सोमवार को ट्रेक्टर में ईंट भरने के बाद वे और उनकी बेटी रितू पानी पी रहे थे तभी शराब के नशे में जगबंधु पटेल और जितेन्द्र पटेल ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से उनके साथ मारपीट की। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफजुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

पढ़ई तुंहर दुआर, मोहल्ला कक्षा और बुलटु के बोल को बच्चे और अभिभावक भी कर रहे पसंद

■ **कबीरधाम जिले में अब तक 1 लाख 75 हजार 914 ऑनलाईन कक्षा संचालित**

कवर्धा। कोरोना वायरस का नाम सुनते आज भी उनका संक्रमण का डर लोगों के दिलों-दिमाग में घर कर गया है। इस वैश्विक महामारी के संक्रमण से बचाव और उनके प्रभावी रोकथाम के उपायों के तहत देश दुनिया में लॉकडाउन किया गया। इसका असर देश की नगरों से लेकर गांव तक देखा गया। कोरोना संक्रमण से बचने के लिए स्कूल, कॉलेज, सिनेमा हाल, हवाई यात्रा से लेकर बस यात्रा, परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया। इस विपदा की घड़ी में स्कूल कॉलेज में अध्यनरत विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्य धारा से निरंतर जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ÷पढ़ई तुंहर दुआर÷ कार्यक्रम संचालित किए गए। ÷पढ़ई तुंहर दुआर÷ कार्यक्रम का कबीरधाम जिले में अभतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत चार अलग-अलग कक्षाएं संचालित हो रही है। इसके तहत ऑनलाईन क्लास, मोहल्ला क्लास, लाउडस्पीकर के माध्यम से पढ़ाई तथा बुलटु के बोल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। जिले में जहां नेटवर्क है तथा जिन विद्यार्थियों के पास स्मार्ट मोबाईल है वहां ऑनलाईन कक्षाएं संचालित हो रही है। जहां नेटवर्क की समस्या है अथवा जिन बच्चों के पास स्मार्ट मोबाईल नहीं है ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने के लिए मोहल्ला क्लास संचालित किए जा रहे है। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि कोविड-19 कोरोना वायरस के इस संक्रमण काल में विद्यार्थियों को इसके संक्रमण से बचाव के उपायों के तहत विद्यार्थियों को पढ़ाई से जोड़ने के लिए ÷पढ़ई तुंहर दुआर÷ कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। इस कार्यक्रम को लेकर कबीरधाम जिले के स्कूली बच्चों और शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों में भी अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है।

कोरोना : सुरक्षा के लिए फेस मास्क अनिवार्य

देवभोग। कोरोनावायरस से लड़ने का सबसे पहला हथियार माक्स को माना जाता है जो आपके पास हो तो संक्रमण का खतरा काफी कम हो जाता है ।इसलिए फेस मास्क अनिवार्य हैं। अगर आप घर से निकलते हैं तो जरूरी है कि आप फेस मास्क लगाकर ही घर से निकले लेकिन जो लोग घर में या फिर अकेले या दिनभर माक्स लगाए रहते हैं। तो उन्हें कुछ परेशानी भी भविष्य में उठानी पड़ सकती है। डॉक्टरों का मानना है। कि ज्यादा देर तक माक्स पहनने की वजह से शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने के साथ कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा ब्लड में बढ़ जाती है। कार्बन डाइऑक्साइड में मौजूद हाईपरकेनिया के कारण सिर दर्द चक्कर देखने को भी मिल सकता है ।फोकस करने में दिक्कत कान में आवाज आना या फिर दिल का दौरा पड़ने जैसे समस्या भी हो सकती है । सबसे ज्यादा परेशानी उम्रदराज लोगों को उठानी पड़ सकती है क्योंकि माक्स लगाने के बाद सांस लेने में ज्यादा ताकत लगानी पड़ती है लेकिन इन सब से अनभिज्ञ ग्रामीण अब भी ज्यादा से ज्यादा माक्स का उपयोग कर रहे हैं हालांकि दूसरी ओर लोगों की मजबूरी भी हो जाती है क्योंकि बिना मार्क्स के वाहन चलाते पकड़े जाने पर जुर्माना की कार्यवाही भी तेज गति से हो रही है।

प्रदेश सरकार 1 नवम्बर से धान ख़रीदी करें - योगेश तिवारी

बेमेतरा/साजा। किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि आज किसानों ने बड़े जतन से जमीन साफ करके, गोबर से लीप पोत कर धान रखना शुरू कर दिया है। मगर खुद को किसान पुत्र कहने वाले मुख्यमंत्री भपेश बघेल जी ने सत्ता में आते ही दो साल से धान खरीदी की शुरुवात की तारीख 1 नवम्बर से बढ़ाकर 1 दिसंबर कर दी है। टोकन नम्बर की डेट मिलते तक 2-3 महीने सारी फसल किसान कहाँ रखेगा? और कैसे रखेगा? धान सूखने से वेट-लॉस, बारिश और चूहों से भारी नुकसान होगा जिसे रोकना लगभग असंभव है। चूहे धान तो खाते ही है, साथ में उसके अंदर मिट्टी का ढेर चढ़ा देते हैं।

भाजपा विधायक शिवरतन शर्मा ने मारवाही में किया जनसंपर्क

■ **मुख्यमंत्री को एक बार सोनिया गांधी से परामर्श लेना चाहिये : शिवरतन शर्मा**

भाटापारा। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि विकास विरोधी कांग्रेस की सरकार को मरवाही की जनता करारा जवाब देगी। बदहाल सड़कें और क्षेत्र में व्याप्त समास्याओं से परेशान जनता अब बदलाव का मन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबको अपने बातें कहने का अधिकार है लेकिन कांग्रेस की सरकार अलोकतंत्रिक प्रक्रिया अपना केवल लोकतंत्र की हत्या करने में जुटी है। विधायक शर्मा ने कहा कि अमित जोगी और ऋचा जोगी के नामांकन निरस्त करने के मामले एक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपनी नेता सोनिया गांधी को परामर्श जरूर कर लेना था। जब स्व. अजीत जोगी के कुल का कोई आदिवासी नहीं तो फिर किस आधार पर स्व.जोगी को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा सोनिया गांधी ने की थी?। तब उनकी जाति के बारे में क्या कांग्रेस आलाकमान को पता नहीं था?

श्री शर्मा ने कहा कि साथ ही सोनिया गांधी को यह भी बताना चाहिये कि स्व. जोगी आदिवासी नहीं थे तो उन्हें कांग्रेस अनुसूचित जनजाति विभाग के देश का प्रमुख कैसे बना दिया था? इस पर भी कांग्रेस को जवाब देना चाहिये कि कौन सही है- सोनिया गांधी या मुख्यमंत्री भूपेश बघेल? इन सारे सवालों का जवाब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को देना चाहिये।

उन्होंने मरवाही में जनसंपर्क अभियान के दौरान ने कहा कि पूरे प्रदेश में माफिया राज कायम है। रेत से लेकर अवैध शराब के बिक्री को लेकर तस्कर मस्त है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दावा... 95 प्रति वर्क पूरा...

से यह लेट हुआ। श्री गुप्ता ने यह भी शंका जाहिर की है कि महज 5 फीसदी यानि कि तकरीबन साढ़े 7 करोड़ रुपए का काम बचा है उस पर एनएमडीसी के जिम्ममेदारों व्दारा अनुबंध और बैंक गारंटी को लेकर की गई कार्रवाई से लगता है कि उन्हें यह कार्य किसी अपनों को देना होगा। इसलिए हमने भी काम से वाइंड अप कर लिया। एनएमडीसी 44 हजार करोड़ की कंपनी है हम जैसों का नुकसान हुआ है। इसके विपरीत एनएमडीसी बकाया काम में लेटलतीफी की वजह से लागत बढ़ने के अंदेशे और कम काम में पेमेंट लेकर ऐन वक्त में वाइंड अप करने के खिलाफ बीके इंजीनियरिंग से सेटलमेंट रकम या फिर कोर्ट के जरिए नुक्सान की भरपाई पर विचार कर रही है। वहीं बीके.के डायरेक्टर विजय गुप्ता भी कहते हैं कि अगर कोर्ट जाना पड़ा तो वे भी उचित फैसला करेंगे।

पुलिस के जवान...

अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से भी मुलाकात कर ढांढस बंधाया। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा- पुलिस के जवानों ने अपने प्राणों की आहूति देकर हमें सुरक्षित किया है। अपने घरों में हम चैन की नींद ले पाते हैं क्योंकि हमारी पुलिस रात-रात भर जागकर पेट्रोलिंग करते हैं। मैंने कोविड काल में देखा कि कोरोना वायरस के खौफ के वातावरण के बावजूद हमारे पुलिस के जवान मोर्चे पर तैनात थे। उनके कार्य के जज्बा को देखकर सबसे फोन में बात की, उनका हौसला बढ़ाया। ड्यूटी के समय कुछ जवान कोरोना संक्रमित भी हो गए और इस बीमारी के कारण कुछ जवानों ने अपने प्राणों की आहूति दे दी, परन्तु उनका हौसला नहीं टूटा और वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे।

जनता और देश की...

पर गौरवान्वित होने का है, वहीं अपने बहादुर साथियों से बिछुड़ने की याद में भावुक होने का भी है। वास्तव में जोखिमपूर्ण कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए होने वाली शहादतें व्यापक समाज के लिए किसी व्यक्ति का अमिट और सर्वोच्च योगदान होता है। इस योगदान के प्रति आदर का भाव रखना, व्यक्त करना तथा शहीद परिवारों की देख-रेख सिर्फ शासन का ही नहीं बल्कि व्यापक समाज का कर्त्तव्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी नक्सलवाद प्रभावित अंचलों में सीआरपीएफया अन्य सुरक्षा बल के जवानों का त्याग, समर्पण और शहादत किसी से कम नहीं है। हमारी सरकार ने सुरक्षा बलों के कार्यों को सर्वोच्च महत्ता देते हुए उनके लिए राहत और कल्याण के कदम सर्वोच्च प्राथमिकता से उठाए हैं लेकिन मेरा यह मानना है कि समाज की व्यापक सहभागिता के बिना वीर जवानों के कर्त्तव्य निर्वहन का समुचित सम्मान संभव नहीं है।

सात साल पुराने...

विधानसभा चुनाव के दौरान एक टीवी चैनल के डिबेट में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. किरणमयी नायक और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के समर्थक आपस में उलझ गए थे। इस दौरान विवाद गंभीर हो गया था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। किरणमयी नायक की शिकायत पर बृजमोहन अग्रवाल, संजूनारायण सिंह ठाकुर, सुभाष तिवारी, अमित साहू, राहुल चंदानी, सचिन मेघानी, डॉ. सलीम राज, आकाश विग व सोनू राजपूत के खिलाफ धारा 323, 294 और 147 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। सभी के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और अन्य सात आरोपी आज अदालत में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बीके वासनिकर के समक्ष पेश हुए। सभी को पांच-पांच हजार रूपए के व्यक्तिगत मुचलके पर छोड़ दिया गया है। पूर्व मंत्री और अन्य आरोपियों की पैरवी अधिवक्ता बृजेश चंद पाण्डेय ने की। भाजयुमो अध्यक्ष अमित साहू अपने शपथ ग्रहण कार्यक्रम के कारण उपस्थित नहीं हो पाए।

आईएनएस कवराती नौसेना...

स्वदेशी हैं और इस क्षेत्र में देश की बढती क्षमता के द्योतक हैं। यह युद्धपोत समुद्र में समुद्री सुरंगों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम है।

2019 में 1.16 लाख नवजातों ...

लेकिन यह जरूर है कि प्रदूषण के कारण गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा प्री-मैच्योर और कम वजन वाले बच्चों पर भी वातावरण का ज्यादा प्रभाव पड़ता है।

इसके साथ एक बात यह भी है कि भ्रूण के विकास के दौरान वायु प्रदूषण के नकारात्मक प्रभाव बच्चे की सेहत पर भी असर डालते हैं। इसके कारण कई बार बच्चों की प्री-मैच्योर डिलिवरी या कमजोर होने की स्थितियां भी देखने को मिलती हैं।

स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट-2020 में दुनिया भर के प्रदूषण के आंकड़े जारी किए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वायु प्रदूषण जनित बीमारियों जैसे दिल का दौरा, फेफड़े का कैंसर, फेफड़े की अन्य बीमारियों के कारण पूरी दुनिया में 2019 में करीब 67 लाख लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इसमें से भारत में करीब 16.7 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्होंने वायु प्रदूषण के कारण जनित बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सारी दुनिया में वायु प्रदूषण ऐसा चौथा बड़ा कारण है, जिसके कारण लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है। प्रदूषण के अलावा खराब डाइट और धूम्रपान को भी लोगों की बीमारी और मौत की प्रमुख वजह माना गया है।

दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध के चलते पति ने पत्नी के साथ की मारपीट

महासमुंद। दूसरी के साथ अवैध संबंध के चलते महासमुंद थाना के ग्राम खरोरा में पति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करते हुए अपनी पत्नी को घर से निकल जाओ कहा गया. जिसकी शिकायत उसने पुलिस में की है। मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार चौहान 21 अक्टूबर 2020 को सुबह 10.00 बजे अपनी पत्नी मीना चौहान को घर से निकल जाओ कहकर धक्का मुक्की कर मारपीट कर रहा था. तथा उसे जान से मारने की धमकी दे रहा था। बताया गया कि महिला के पति का दूसरी महिला ग्राम बिरकोनी निवासी के साथ अवैध संबंध है. जिन्हें विगत 15 अक्टूबर 2020 को दोनो को रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के द्वारा थाना लाया गया था एवं समझाईश देकर भविष्य में ऐसी गलती नही दोहराने की सलाह दी गई थी. किंतु महिला के पति द्वारा थाने से जाने के बाद अपनी पत्नी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया एवं उसके साथ मारपीट किया। इसके बाद 21 अक्टूबर 2020 को लगभग 10 बजे मोबाईल के माध्यम से जब महिला का पति वह दूसरी महिला से बात कर रहा था जिसे उसकी पत्नी ने मना किया तो उसके साथ मारपीट कर घर से बाहर भगा दिया एवं बच्ची को कमरे में बंद कर दिया एवं खुद भी कमरे में जाकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया. जिसके बाद महिला ने इसकी जानकारी अपनी सास को मोबाईल के माध्यम से दी. उतने में महिला का पति उसका मोबाईल को छीनकर सीम कार्ड को निकालकर फेंक दिया।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललेशर पिता बंटू निवासी घुघसीडीह तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम घुघसीडीह प.ह.नं. 47 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 882 रकबा 0.2800 हे. भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण नया ऋण पुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 28.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.10.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-27/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक के. विक्टर सलेमान पिता स्व. के. विजन प्रकाश निवासी खेदामारा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने भू-स्वामी हक की भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1204 रकबा 0.090 हे. भूमि को आपसी बटवारा नामा के आधार पर खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 06.11.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गुणेश्वरी देवांगन पति अनिल कुमार देवांगन साकिन सुपेला द्वारा ग्राम खपरी प.ह.न. रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 28/18 रकबा 0.02 हे. जो उसके स्व. अनिल कुमार देवांगन के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 07.11.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम श्रीमती हेमलता चंद्राकर — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202010100400140

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती हेमलता चंद्राकर पति डिलेश्वर चंद्राकर निवासी म.न. 619/ई. दयानगर रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	274/301	0.010 हें 1125 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20
ई.कोर्ट- 202010100700137

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनायक बंसोड अन्य 01 पिता स्व. बालाजी बंसोड निवासी ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 145/12 रकबा 0.022 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार मनीषा पति व्ही. बंसोड की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21
ई.कोर्ट- 202010100700145

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरलीलाल देवांगन पिता स्व. मन्नूलाल निवासी ग्राम सुपेला तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 911/7 रकबा 0.004 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.10.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.10.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

मिथलेश निरोटी ने किया नाली निर्माण का भूमिपूजन

डौंडी। ग्राम पंचायत आडेझर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत 5.32 लाख रुपयों की लागत से नाली निर्माण का भूमिपूजन मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के मुख्य अतिथि में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता भीखम भुआर्य सरपंच ,विशिष्ट अतिथि सागर सिंह गावड़े पूर्व जनपद अध्यक्ष ,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ,रोहित माहला ,गणेश सेवता सरपंच ,बुढ़ान सिंह सरपंच खेरवाही ,हरिराम कवांची थे। कार्यक्रम का शुभारंभ वार्ड क्रमांक 03 में धरती माँ का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया , मुख्य अतिथि की आसंदी से मिथलेश निरोटी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के मांग के अनुरूप नाली का कार्य जिला पंचायत से स्वीकृत कराया गया है ,जिससे सड़क में पानी नही बहेगा ,निरोटी ने इस दरम्यान शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी ग्राम की महिलाओं ने ग्राम में बरसात के दिनों में कीचड़ हो जाने से ग्राम में चलना दूभर हो जाता है इसलिए सीमेंटीकरण सड़क निर्माण कराने की मांग जिला पंचायत उपाध्यक्ष से की जिस पर निरोटी ने समयानुसार आबंटन होने की बात कही ,इस अवसर पर श्रीमती कुंजबाई पंच ,श्रीमती डामिन कोमरे ,श्रीमती शशिकला सक्रिय महिला स्व सहायता समूह सदस्य ,श्रीमती भारती साहू सचिव ग्राम पंचायत आडेझर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

दिवंगत शुभम को न्याय दिलाने स्थानीय जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भी समर्थन में

गरियाबंद। दिवंगत शुभम को न्याय दिलाने के समर्थन में स्थानीय जनप्रतिनिधि और आम नागरिक भी सामने आ रहे है। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, पार्षद संदीप सरकार, सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद सिंह ठाकुर, छगन यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि हड़ताल स्थल पर पहुचे। यहां नपा अध्यक्ष गफ्फु मेमन ने कहा कि बहुत ही कम उम्र में शुभम पात्र ने आत्महत्या जैसा बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए पूरी तरह तहसीलदार और प्रशासनिक अमला दोषी है। जिस प्रकार के तथ्य सामने आए है उससे स्पष्ट है कि शुभम को अत्यधिक प्रताड़ित किया गया है, सारी हदे पार कर दी गई जिससे चलते वह ऐसा कदम उठाने मजबुर हो गया है। नपा अध्यक्ष ने कहा कि शुभम को न्याय दिलाने हम सब साथ है, प्रशासन द्वारा जिस तरीके से दोषी अधिकारी को संरक्षण दिया जा रहा है वह काफी निदंनीय और शर्मनाक है। तहसीलदार को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि शुभम को न्याय दिलाने तत्काल पुलिस तहसीलदार के विरूध्द मामला दर्ज करे और प्रशासन द्वारा विशेष जांच टीम गठित कर पूरे मामले की जांच की जाए।

कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने नपं. को दिलाई पैरा बेलर

साजा। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा पैरा इकट्टा करने का बेलर मशीन नगर पंचायत साजा को कृषि विभाग से दिलवाया गया। इसके आने से नगर पंचायत साजा में गोधन न्याय योजना के तहत कांजी हाउस में आवारा पशुओं को रखा गया है, उनके चारा की व्यवस्था के लिए यह बेलर धान कटाई के बाद पैर इकट्टा करने के लिए बहुत ही अच्छी सुविधा है। जिससे कम समय मे अधिक मात्रा में पशुओं के लिये चारा की व्यवस्था हो सकेगी। जिसका आज मंगलवार को नगर पंचायत साजा कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल द्वारा पूजा अर्चना किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष यूगेश्वर सोनी पार्षदगण राजेश ठाकुर, अवधेश गोयल, एल्डरमैन जितेंद्र जैन, रोहित वर्मा, पूर्व पार्षद दिनेश साहू, ईश्वरी निर्मलकर, नगर पंचायत के कर्मचारीगण लोकेश शर्मा, भारत भूषण ठाकुर, टुब्लू राम सिन्हा, केशव राम साहू, चंद्रप्रकाश वर्मा, दुकालू राम वर्मा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। इस बेलर मशीन के लिए पदाधिकारियों ने श्री चौबे को ध्यानवाद दिए। इससे नगर पंचायत साजा अंतर्गत आवारा पशुओं के लिये चारा की व्यवस्था बहुत कम समय मे अधिक मात्रा मे पैरा इखट्टा किया जा सके जिससे पशुवों के लिये उचित व्यवस्था होगी जिसके लिये नगरवाशी बहुत आभारी हैं।

कलेक्टर ने लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

साजा । कलेक्टर शिव अनंत तायल ने आज यहां समय सीमा की बैठक लेकर लंबित आवेदनों के शीध्र निराकरण के निर्देश दिये। बैठक के दौरान उन्होने समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रारंभिक तैयारियों, बारदानों की उपलब्धता आदि के संबंध मे जानकारी ली। कोरोना महामारी के कारण नए जूट बारदाने का उत्पादन कार्य प्रभावित होने के कारण इसे ध्यान मे रखते हुए, शासकीय उचित मूल्य के दुकानों (पीडीएस) के बारदानों का उपयोग विपणन वर्ष 2020-21 मे धान खरीदी मे किया जायेगा। बेमेतरा जिले मे 54 सहकारी समितियां है, इसके अन्तर्गत गत वर्ष 91 धान खरीदी केन्द्र बनाये गये थे।

नए कृषि कानून से खरीददार से सीधे जुड़ सकेंगे किसान : सांसद

- सांसद संतोष पांडेय ने ग्राम कुई कुकदूर, रोहरा व दैहानडीह में किसान चौपाल लगाकर किसानों से की चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने पंडरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम कुई कुकदूर, रोहरा व सहसपुर लोहारा ब्लाक के ग्राम दैहानडीह का दौरा किया। उन्होंने किसान चैपाल लगाकर किसानों को केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि सुधार संशोधन विधेयक के बारे में जानकारी दी। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि हाल ही में पारित कृषि सुधार संशोधन विधेयक किसानों के हित में है। इस कानून से कृषि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और देश की आर्थिक स्थिति और सुदृढ़ होगी। साथ ही अब बाजार में प्रतिस्पर्धा होगी और किसानों को अपनी मेहनत के अच्छे दाम भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि किसान अपना उत्पाद कहीं भी बेच सकेंगे। अब किसानों को मंडी के साथ ही अन्य स्थानों पर अपनी उपज बेचने का विकल्प प्राप्त होगा। मंडियां समाप्त नही होगी। किसानों का ÷एक देश-एक बाजार÷ का सपना भी पूरा होगा। अन्नदाताओं को बिचैलियों के चंगुल से मुक्ति मिलेगी। सांसद पांडेय ने कहा कि नए कृषि विधेयको से यह विधेयक किसानों को ई-ट्रेडिंग मंच उपलब्ध कराएगा, जिससे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से निर्बाध व्यापार सुनिश्चित किया जा सके। किसान खरीददार से सीधे जुड़ सकेंगे, जिससे बिचैलियों को मिलने वाले लाभ के बजाय किसानों को उनके उत्पाद की पूरी कीमत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि किसान विरोधियों द्वारा नए कृषि कानून को लेकर गलत अफवाह फैलाई जा रही है। किसानों को भ्रमित किया जा रहा है। किसान किसी के बहकावे में न आएं। केंद्र सरकार किसानों के हित को लेकर संकल्पित है। सांसद ने सभी लोगों को कोरोना को लेकर जागरूक व सतर्क रहने की अपील की।

मंदिरों में की पूजा अर्चना

सांसद पांडेय ने कुई कुकदूर के मां चंडी मंदिर व ग्राम दैहानडीह में मां शीतला मंदिर में पूजा अर्चना की। सांसद ने ग्राम रोहरा के गौशाला पहुंचकर गौ माता व भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की। गौमाता को फल भी खिलाया। इस दौरान छग गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष बिसेशर पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राज, सहदेव साहू, संतोष गुप्ता, नरेश बांधवे सहित ग्रामीणजन मौजूद थे।

शहीद दिवस पर वीर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजली

कवर्धा-(नवप्रदेश)। देश की रक्षा हेतु अपने कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए अपने प्राणों की आहुती देने वाले देश के अमर शहीदों को बुधवार 21 अक्टूबर को प्रातः 09 बजे कबीरधाम जिला के पुरानी पुलिस लाईन में स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित समारोह में पुलिस अधिकारियों और शासन प्रशासन के अधिकारी/ कर्मचारियों एंव जिला कबीरधाम के जनप्रतिनिधियों के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गयी । पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा समारोह को संबोधित करते हुए कहा गया कि 21 अक्टूबर 1959 में लद्धाख में तीसरी बटालियन की एक कंपनी को भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा के लिये लद्धाक में हाट स्प्रिंग में तैनात किया गया था कपंनी को टुकड़ी में बाटकर चैकसी करने को कहा गया । जब बल के 21 जवानों का गश्ती दल हाट स्प्रिंग में गश्त कर रहा था तभी चीनी फौज के एक बहुत बड़े दस्ते ने इस गश्ती टुकड़ी पर घात लगाकर आक्रमण कर दिया तब बल के मात्र 21 जवानों ने चीनी आक्रमणकारियों का डटकर मुकाबला किया व मातृभुमि के रक्षा के लिये लड़ते हुए 10 शूरवीर जवानो ने अपने प्राणो का बलिदान दिया । हमारे जवानों के लिये व हम सबके लिये यह गौरव की बात है कि केन्द्रीय पुलिस संगठनो व सभी राज्यो की पुलिस द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है । प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को देश के कोने - कोने में दिवंगत शूरवीरों की स्मृति में पुलिस शहीद दिवस पर परेड का आयोजन किया जाता है इन वीरों का बलिदान भारतीय पुलिस के कार्यो की उच्चतम परम्पराओं का प्रतिक है तथा कर्तव्य निष्ठा का अनुपम आदर्श प्रस्तुत करता है । इसके पश्चात देश के प्रति प्राण न्यौछावर करने वाले देश के 264 शहीद जवान जिसमें से छत्तीसगढ़ प्रदेश के 05 शहीद जवानों का नाम वाचन किए जाने के बाद , लास्ट पोस्ट की धून बजाकर श्रद्धांजली अर्पित की गयी । इसके पश्चात रक्षित निरीक्षक श्रीमती ख्रिष्ट नरगिस तिग्गा बघेल के नेतृत्व में वीर शहीद जवानों को सलामी एवं शोक शस्त्र कर दो मिनट का मौन धारण किये तथा पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा शहीद आरक्षक श्री झल्लू प्रसाद नेवले के पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार नेवले , शहीद आरक्षक चंद्र सिंह मेरावी के पुत्री कु . संगीता मेरावी एवं शहीद सउनि महासिंह साहू के पुत्र उमाकांत साहू को साल एंव श्रीफल भेंट कर सम्मानित किये ।

सतनामी समाज की विशेष बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य

गुंडरदेही। गुंडरदेही ब्लाक सतनामी समाज की सामाजिक बैठक गुंडरदेही सतनाम भवन में रखा गया जिसमें सारे उपस्थितगण द्वारा बाबा गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर बैठक को संबोधित किये जिसमे समाज के जिला से लेकर तहसील तक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता सामाजिक लोग उपस्थित थे जिला सतनामी समाज के अध्यक्ष विजय बघेल ने कहा कि हमे गर्व है कि हम इस समाज में जन्म लिए और हमे समाज के प्रति एकता पूर्वक हो कर समाज को एक अच्छी दिशा निर्देश देकर समाज को आगे बढ़ाना है और सामाजिक नियमों का पालन कर अपने समाज के संस्कार को बनायें रखना है उन्होंने समाज के हित मे बहुत सी बातें कही तहसील गुंडरदेही ब्लाक सतनामी समाज के अध्यक्ष शशि बंजारे कोषाध्यक्ष संदीप जोशी कविता गेन्डेरे (नारी सक्ति करण) अशोक टंडन जिला सतनामी समाज महासचिव चन्द्रहास केशरिया महासचिव कोर कमेटी सदस्य जीवन बन्दे संजय बारले यु स मंडले अशोक चंदेल हुब लाल देशलहरे पवन जोशी कन्हैया संजय जोशी सचिव उपस्थित हो कर समाज के लोगों को अच्छे मार्गदर्शन बताये और आने वाले पर्व 18 दिसम्बर गुरु घासीदास जयंती समारोह की तैयारी करने की सलाह दी

सामुदायिक भवन का सांसद सोनी ने किया उद्घाटन

भाटापारा । क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी ने दावन बोर के सामुदायिक भवन के उद्घाटन अवसर पर एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र के क्रमांक 11 में किसानों को उनकी उपज बेचने के लिए मुक्त करने की बात कही थी उनके मंत्री कपिल सिब्बल का संसद में दिया गया बयान सोशल मीडिया में घर-घर वायरल हो रहा है कि किसानों के फायदे के लिए नया कृषि कानून बनाया जाएगा जिससे किसान अपनी उपज को कहीं भी बेच सकते हैं और इनके नेता राहुल गांधी दिल्ली के नेता अजय माकन से दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करवा कर नए कानून के फायदे गिना रहे थे और आज जब हमारे प्रधानमंत्री किसानों के हित के लिए वही कानून बना रहे हैं तो कांग्रेसी जगह-जगह विरोध करते हुए अपनी छातियां पीट रहे हैं सांसद सोनी ने आगे कहा कि देश के किसानों को नए किसान कानून के तहत सरकारी समर्थन मूल्य लागू रहेगा इसके अलावा किसान समर्थन मूल्य से अधिक देने वाले दूसरे व्यापारी या उद्योगपति को भी अपनी फसल को बेचने के लिए स्वतंत्र रहेंगे तथा किसानों को अपने ही राज्य में ही फसल बेचने की अनिवार्यता से मुक्ति मिलेगी वह आप अधिक मूल्य मिलने पर दूसरे राज्य में भी अपनी फसल बेच सकेंगे और अगर किसान की फसल कोई नहीं खरीद रहा है तो किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार को बेच सकता है एवं नए कानून के तहत अब सरकार या व्यापारियों को 3 दिन के अंदर किसानों को पैसा देना अनिवार्य होगा तथा किसानों को अब अपनी फसल के लिए कोर्ट का चक्कर नहीं लगाना होगा क्षेत्र का एसडीएम ही व्यापारी से पैसा किसान को दिला सकेगा

सांसद सोनी ने आगे कहा कि दरअसल में कांग्रेस तथा विरोधी दल के नेता इसलिए नए कृषि कानून का विरोध कर रहे हैं क्योंकि इस कानून के आने से वे अपनी काली कमाई को सफेद नहीं कर पाएंगे जैसा कि इनके नेता चिदंबरम ने गमले से गोभी को उगा कर करोड़ों रुपया की कालीराशि को सफेद किया था

क्षेत्रीय विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार किसानों की कितनी हितेषी है इसका अंदाज इसी बात से पता लग जाता है कि जब हमारे प्रधानमंत्री पूरे देश के किसानों को प्रतिवर्ष ?6000 रुपए की सहायता राशि दे रहे हैं तो छत्तीसगढ़ के 25लाख किसान इसलिए इस सहायता से वंचित रह गए क्योंकि यहां की सरकार ने 25लाखकिसानों का डेटा ही केंद्र सरकार को नहीं भेजा था तथा 25 सौ में धान खरीदने का वायदा कर सत्ता में पहुंची यह सरकार अब किसानों को किस्तों में भुगतान कर रही है।

प्रदेश सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार ने किया मावली माता का दर्शन

भाटापारा। मावली माता सिँगारपुर के दर्शन के लिए पहुंचे *छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार नेआरती में शामिल होकर पूजा अर्चना की तथा क्षेत्र एवं प्रदेश वासियों के लिए खुशहाली की कामना की ।

मावली माता मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से मुलाकात करते हुए उन्होंने मावली माता परिसर में स्थित तालाब का जीर्णोद्धार या सुंदरीकरण की चर्चा की । उक्त अवसर पर प्रबंधन समिति के सदस्यों मुकेश सोनी, दीनदयाल रामू साहू ,हरिनारायण दुबे ,संजय अग्रवाल ,प्रदीप अग्रवाल , किशोर गुप्ता आदि ने श्री ताम्रकार को बताया कि तालाब सौंदर्यीकरण यदि हो जाता है तो यह बहुत पुण्य कार्य होगा ।इस अवसर पर सेवादल जिलाध्यक्ष संतोष यादव ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष भरत वर्मा ,ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष दिलीप साहू ,डॉ गोपाल प्रसाद साहू आदि ने भी मावली माता के दर्शन किए। ग्राम सिंगारपुर पहुँचे श्री अरुण ताम्रकार का जन्मदिन होने की जानकारी के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ गोपाल प्रसाद साहू ने ताम्रकर जी का जन्मदिवस अपने निवास *सत सुकृत सदन* में अनेकों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाया।

भाजपा की वर्चुअल बैठक में शामिल हुए भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश यादव

- प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, जम कर बरसे भाजपा के दिग्गज

बालोद। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए कृषि कानूनों को देशभर के अन्नदाता किसानों के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरुआत बताते हुए कहा है कि केंद्र सरकार की कृषि नीति से सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ का किसान लाभन्वित होगा। इससे किसानों की आय दोगुनी होगी। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद (राज्यसभा) रामविचार नेताम, राज्यसभा सांसद सुश्री डॉ. सरोज पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, राष्ट्रीय संगठन सह संगठन महामंत्री वी. सतीश, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री सौदान सिंह व भाजपा के प्रदेश मंत्री राकेश यादव शामिल हुए।

शराब बंदी के झूठे वादे के बाद ठगी महसूस कर रही महिलाएं - डॉ रमन सिंह

इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज राजनीतिक प्रस्ताव और कृषि प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई प्रस्ताव लाया गया। उन्होनें कहा कि प्रदेश में यह चर्चा है की कोई मुख्यमंत्री 2 साल में कैसे अलोकप्रिय हो सकता है। मुख्यमंत्री राज्यपाल को कहते है कि मर्यादा का पालन करें यह आश्चर्यजनक हैं। आज किसान अंदर ही अंदर आंदोलित है। दो साल का बोनस, समर्थन मूल्य नहीं दिया गया। महिलाएं शराब बंदी के झूठे वादे के बाद ठगी हुई महसूस कर रही हैं। युवा बेरोजगारी भत्ता की बाट जोह रहे हैं।

बैठक में मौजूद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज दुनियाभर में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। कोविड-19 समेत अनेक तरह की वैश्विक चुनौतियों, आतंरिक समस्याओं-आलोचनाओं-विरोधों आदि को झेलते हुए भी आज भारत अगर आपदा में अवसर तलाश रहा है।

नगर पंचायत में नव नियुक्त तीनों एल्डरमैन ने लिया शपथ

नवागढ़। नगर पंचायत नवागढ़ में नए एल्डरमैन नियुक्ति के बाद शपथ ग्रहण बुधवार को पंचायत के सभागार में संपन्न हुआ। तीनों एल्डरमैन अमित जैन, रूप प्रकाश यादव एवं विरेन्द्र जायसवाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली एवं शपथ ग्रहण पश्चात नियुक्ति के लिए विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। विधायक गुरुदयाल बंजारे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की नगर के समुचित विकास के लिए शासन द्वारा मनोनीत मेरे तीनो प्रतिनिधि नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि और नगर के जनता के लिए हर समय जनता के बीच मौजूद रहेंगे,और जनहित के कार्यो को सहजता और सरलता पूर्वक पूरा करेंगे। नगर पंचायत में हुए कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) जगन्नाथ वर्मा, बेमेतरा पीआरओ छगन लोन्हारे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगन जी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शक्तिधर दिवान, नपं अध्यक्ष तिलक घोष, उपाध्यक्ष आशाराम ध्रुव जी,पार्षदगण-नैना कुर्रे, हेमंत सोनकर,जाहिद बेग जी,टीकमपुरी गोस्वामी,शालिया बेगम, नगर के गणमान्य नागरिको के अलावा नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2020-21

आवेदक आशीष कुमार जैन आ. नियालचंद जैन एवं अन्य 01 निवासी खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री नरेन्द्र कुमार देवांगन द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 45 सी प्लाट नं. 108/1 क्षेत्रफल 296.87 वर्गमीटर भूमि डॉ. विनय पाटनकर पिता डॉ. वामन वासुदेव पाटनकर निवासी पचरीपारा दुर्ग दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड का टु. क्षेत्रफल 94.78 वर्गमीटर भूमि आवेदक/ क्रेतागण आशीष कुमार जैन आ. नियालचंद जैन एवं श्रीमती रीता जैन पति आशीष कुमार जैन निवासी खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.02.2017 द्वारा क्रय कर काबिज है। आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से धारक/विक्रेता का नाम विलोपित कर नजूल अभिलेख में क्रेतागण का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.11.2020 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) वर्ष 2020-21

आवेदक अतिन कुमार जैन आ. नियालचंद जैन एवं अन्य 01 निवासी खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री नरेन्द्र कुमार देवांगन द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 45 सी प्लाट नं. 108/1 क्षेत्रफल 296.87 वर्गमीटर भूमि डॉ. विनय पाटनकर पिता डॉ. वामन वासुदेव पाटनकर निवासी पचरीपारा दुर्ग दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड का टु. क्षेत्रफल 58.34 वर्गमीटर भूमि आवेदक/ क्रेतागण अतिन कुमार जैन आ. नियालचंद जैन एवं श्रीमती सरिता जैन पति अतिन कुमार जैन निवासी खण्डेलवाल कालोनी दुर्ग द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.03.2017 द्वारा क्रय कर काबिज है। आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से धारक/विक्रेता का नाम विलोपित कर नजूल अभिलेख में क्रेतागण का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.11.2020 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

मा.क्रं. 202010101000103

विषयः अ-06 वर्ष 2020-21

कुरुद प.ह.न. 00050(34/1(1.3600 हे.)

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार-मो. नासिमुद्दीन अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद नासिमुद्दीन पिता फकरुद्दीन पता- औद्योगिक क्षेत्र भिलाई द्वारा ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 34/1 रकबा 0.020 हे. अर्थात 2217 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्री कृष्णा पिता सुकलाल एवं अन्य से क्रय किए जाने के आधार पर अपने नाम हस्तारण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.10.2020 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपनाा आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.10.2020 को जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./59/अ-2/2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मनोज कुमार साहू आ. जे.एल. साहू निवासी म.न. 104 मैत्रीकुंज रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सांकरा प.ह.न. 08 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 506/12 रकबा 0.02 हें अर्थात 2000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 29.10.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./60/अ-2/2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अभिषेक कुमार शुक्ला आ. श्री विरेन्द्र शुक्ला निवासी रुम नं. 03 एन.एस.पी.सी.एल टाउनशीप रुआबांधा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सांकरा प.ह.न. 08 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 506/6 रकबा 0.02 हें अर्थात 2000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 29.10.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री संदीप कुमार	20201010400002

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संदीप कुमार आ. स्व. लाल मोहर पंडित निवासी शांति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निधारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	665/7	0.040 हें 4240 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्रीमती विभा झा	20201010400169

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती विभा झा पति श्री गुणानंद झा निवासी सांकेत नगर कोहका भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निधारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग	74/94	0.014 हें 1413.42 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जोवाराम वर्मा आ. स्व. तिजउराम वर्मा साकिन रिसाली सेक्टर भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1039/28 रकबा 1500 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता ऋषिकेश कुमार सिंह आ. श्री फुरेन्द्रपाल सिंह से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.10.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.10.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

पेद्दागेलुर के उत्तर गोलकोंडा के जंगल-पहाड़ में पुलिस और माओवादी के बीच मुठभेड़

- मुठभेड़ में 01 माओवादी ढेर, माओवादियों के द्वारा लगाये गये आईईडी विस्फोट से 02 जवान घायल
- मौके से 01 नग एसबीएमएल बंदूक, आईईडी पाईप बम, टिफिन बम, बिजली का तार, नक्सली साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर । जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् 20 अक्टूबर 2020 को थाना बासागुड़ा से डीआरजी, थाना बासागुड़ा, एसटीएफएवं कोबरा 204 की संयुक्त टीम तर्रेम, पेद्दागेलुर, चिन्नागेलुर की ओर निकली थी। अभियान के दौरान 20 अक्टूबर को पेद्दागेलुर के उत्तर, गोलाकोण्डा के जंगल एवं पहाड़ी मे पुलिस और माओवादियों के बीच दोपहर 3:00 बजे मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ मे 01 माओवादी ढेर, मौके से एसबीएमएल बन्दुक,

विस्फोटक सामग्री, टिफिन बम, पाईप बम, बिजली के तार, माओवादी साहित्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाये गये आई.ई.डी विस्फोट से 02 जवान घायल हो गये। घायल जवान सेमला धनेश एवं रमेश भण्डारी के पैर एवं सिर पर चोंटे आयी है जिनका उपचार बासागुड़ा स्थित केरिपु के युनिट अस्पताल में चल रहा है।

सरपंच संघ की मांग पर मुख्यमंत्री ने बस्तर अंचल में 4 से 5 बड़े स्टील प्लांट खोलने की दी सहमति

मुख्यमंत्री ने कहाः शहीद महेन्द्र कर्मा की इच्छानुरूप होगा बस्तर का विकास

- दंतेवाड़ा के सरपंच संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात
- देवगुड़ी के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए व्यक्त किया आभार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सरपंच संघ की मांग पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बस्तर अंचल के विकास और समृद्धि के लिए 4 से 5 बड़े स्टील प्लांट को खोलने की सहमति प्रदान की है ताकि यहां के स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सके। दंतेवाड़ा जिले से आए सरपंच संघ के प्रतिनिधि मंडल ने आज राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने इस पर सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद महेन्द्रकर्मा जी की भी इच्छा थी कि दंतेवाड़ा सहित बस्तर अंचल में बड़े उद्योग लगे। उनकी इच्छानुरूप ही बस्तर का विकास किया जाएगा। सरपंच संघ की मांग पर राज्य सरकार द्वारा इस अंचल में 4 से 5 बड़े स्टील प्लांट खोलने के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।

प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री से गीदम विकासखण्ड के घोटपाल-हीरानार में उपलब्ध लगभग 500 एकड़ जमीन में उद्योग लगाने के संबंध में ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि इसके लिए किसानों से जमीन लेने की आवश्यक्ता भी नहीं होगी। प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री से कहा कि बस्तर अंचल से लौह अयस्क बाहर भेजा जाता है। इस अंचल के दंतेवाड़ा, कांकेर, कोण्डागांव सहित अन्य स्थानों में बड़े लगने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा वहीं इन उद्योगों के लगने से अन्य सहायक उद्योग धंधे भी प्रारंभ होंगे जिनमें बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्योग लगने से यहां होटल और परिवहन व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी। इसका फायदा भी स्थानीय लोगों को मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सरपचों ने राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समाज की आस्था के अनुरूप वनांचल क्षेत्रों में देवगुड़ी के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और सरपंच संघ की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। सरपंचों ने बताया कि कोरोना संकट के समय गोबर विक्रय से मिली राशि ग्रामीणों के काम आयी। गोबर से पैसा मिलने से ग्रामीण खुश हैं। गोठानों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाने का काम भी किया जा रहा है। गांवों में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत सूखा राशन वितरण की जानकारी उन्होंने दी। सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री अनिल कर्मा ने बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में गोठान निर्माण का कार्य चल रहा है साथ ही गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी एवँ वर्मी कम्पोस्ट बनाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर पुराने भवनों का जीर्णोद्धार कर स्थानीय युवाओं को कपड़ा दुकान, नाई की दुकान, पंचर रिपेयरिंग जैसे छोटे-छोटे रोजगार उपलब्ध कराने का भी कार्य किया जा रहा है । इस अवसर पर मोपलनार, बड़े सुरोखी, नांगुल और गोठपाल ग्राम पंचायत के सरपंच भी उपस्थित थे।

पुलिस ने जप्त किए 3 लाख के पटाखे

डोंगरगढ़। पुलिस के उच्य अधिकारीयों के निर्देशन पर थाना प्रभारी अलेक्जेंडर किरो के नेतृत्वं में शहर में अवैध रूप से दुकान में रखे विस्पोटक पदार्थ पटाखा को कार्यवाही कर जप्त किया गया । थाना प्रभारी श्री किरो ने बताया कि मुखबीर से सुचना मिली की एसबीआई स्टेशन रोड स्थित एक दुकान में अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ पटाखा रख कर बिक्री की जा रही थी। जिसकी सुचना प्राप्त होते ही पुलिस ने दुकान में दंबिश देकर दुकान के संचालक नवीन चोपडा से विस्पोटक पदार्थ पटाखा के संबध में पुछताछ की गई संचालन द्वारा उक्त पटाखो के बारे में कोई वैध कागजात नही दिखाया गया जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर धारा 9 खा एक क, ख विस्पोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उक्त दुकानदार से 20 कार्टुन पटाखा जिसकी कीमत 301460 रूपए बतायी जा रही है को जप्त कर जांच में लिया गया। उक्त कार्यवाही में उपनिरिक्षक मनी प्रसाद राजवाडे, दीपक कुमार साहु, प्रधान आरक्षक रोहित परौती, आर. गौरव शेंडे, शिवलाल वर्मा, संजय यादव सहीत टीम ने कार्यवाही में शामिल थे ।

नवागढ़ में सट्टे पर कार्यवाही, तीन आरोपी पकड़ाए

नवागढ़। जुआ एक्ट के तहत थाना नवागढ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नगदी रकम 1420 रुपये एवं सट्टा ङ्क पट्टी जप्त किया। नवागढ़ थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार को नवागढ पुलिस को जरिये मुखबीर के सुचना मिली कि कुछ लोग नवागढ़ में रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर अलग अलग स्थानो में सट्टा - पट्टी लिख रहे है कि सूचना पर थाना नवागढ स्टाफ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया । आरोपियो को अंको पर से रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा - पट्टी लिखते रंगे हाथो पकडे गये। तीनो आरोपी को गिरफ्तार कर 4 (क) जुआ एक्ट तहत कार्यवाही की गई।

शराब का अवैध रूप से परिवहन करते 6 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

कवर्धा-(नवप्रदेश)। अवैध शराब बिक्री , अधिक मात्रा शराब परिवहन कर रहे आरोपी 01.अभिलाष यादव पिता रामफल यादव उम्र 27 वर्ष साकिन समनापुर के विरूद्ध अपराध कमांक-563/20 धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट से 23 पौवा देशी प्लेन मदिरा शीलबंद कीमती 1840 रूपये 02. जोकेब पटेल पिता गुहरा पटेल उम्र 52 साल साकिन जैतपुरी थाना कवर्धा के विरूध अपराध कमांक 565/2020 धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट से 22 पौवा देशी प्लेन मदिरा शीलबंद कीमती 1600 ध् रूपये 03. सुकराधी निषाद पिता बुद्धधु निषाद उम्र 50 वर्ष साकिन मडमडा थाना कवर्धा के विरूध अपराध कमांक 566ध्2020 धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट से 17 पौवा देशी प्लेन मदिरा शीलबंद कीमती 1360 ध् रूपये 4 आशोक पटेल पिता शेखु पटेल उम्र 35 साल साकिन अचानकपुर , थाना भोरमदेव के विरूद्ध अपराध क्रमांक 567/2020 धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट से 19 पौवा देशी मदिरा प्लेन शीलबंद कीमती 1520 / -रूपये जुमला कीमती 6320 / - रूपये को जप्त किया गया एवं दिनांक 21.10.2020 को आबकरी एक्ट के दो प्रकरण आरोपी बुजेश मरकाम पिता दुर्गेश उम्र 25 साल साकिन देवार पारा द्वारा लोगो को शराब पीलेने का व्यासस्थ करते पकडे जिन्के खिलाफ अपराध क्रमांक 568/2020 धारा 36 सी आबकरी एक्ट की कार्यवाही एवं ट्रक यूनियर के पीछे शराब पीने की व्यावस्थ कर रहे आरोपी आशोक केवट पिता शिव कुमार केवट उम्र 35 साल साकिन ट्रक यूनिय के पीछे कवर्धा के खिलाफ अपराध क्रमांक 569 ध् 2020 धारा 36 सी आबकरी एक्ट की कार्यवाही की गई ।

रिकार्ड दुरुस्ती के नाम पर घट रहे रकबे के कारण किसान परेशान

- अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप बताई परेशानी

बालोद। बालोद ब्लॉक के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बेलमाण्ड पंजीयन क्रमांक 403 के ग्राम सोहतरा,परसदा, चिचबोड, अंगारी, बेलमाण्ड, पढ़कीभाट,उमरादाह और बोड़की के किसानों ने अपर कलेक्टर ए के बाजपेई को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि रकबा संसोधन में त्रुटि के कारण गिरदावरी और ऋण पुस्तिका रिकार्ड में किसानों के रकबे में अंतर होने के कारण किसानों को बहुत दिक्कतें आ रही है और इसमें सुधार किया जाना आवश्यक है।गिरदावरी मे सही और वास्तविक रकबे का उल्लेख नहीं होने से सही पंजीयन नहीं हो रहा है इसकी वजह से किसान परेशान है ।ग्राम सोहतरा के कृषक मनोहर सिन्हा ने बताया कि हम सब किसान सेवा सहकारी समिति बेलमाण्ड के अंतर्गत आते हैं और अभी वर्तमान में राजस्व विभाग के द्वारा जो गिरदावरी किया गया है उसमें काफी अनियमितता आ रहा है इसकी वजह से हम किसानों को इस बार धान बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और उन्होंने बताया कि बीते वर्ष भी तीन बार टोकन जारी किया गया था उसकी वजह से हम लोग अपने पूरे धान नहीं बेच पाए।उन्होंने आगे बताया गिरदावरी एवं रिकार्ड दुरुस्ती के नाम पर किसानों का रकबा घट रहा है और हमें बार-बार पटवारी कार्यालय और सोसायटी का चक्कर लगाना पड़ रहा है किसानों ने अपर कलेक्टर से मांग की है कि किसानों के जमीन का सही रिकार्ड दुरुस्त किया जाए और ऋण पुस्तिका के आधार से पंजीयन किया जाय और इस बार धान बिक्री के लिए5बार टोकन जारी किया जाय।ज्ञापन सौंपने वालो में मनोहर सिन्हा, देवीलाल डड़सेना, जनपद उपाध्यक्ष कल्याण साहू,तोमन साहू,पालक ठाकुर नीलकंठ साहू आदि शामिल रहे।

अवैध रूप से नशीली गोलियां, शराब, गांजा की बेखौफ बिक्री

- बढ़ने लगी चोरियों की वारदात, पुलिस अंकुश लगाने में नाकाम

डौंडी। कुसुमकसा में अवैध रूप से नशीली गोलियां, शराब ,गांजा की बेतहाशा बेख़ौफ बिक्री से ग्राम में चोरियां बढ़ने लगी है चोर अब दिन में ही चोरी करने लगे है पुलिस व आबकारी विभाग इन अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने में अछम साबित हो रही है वही कुसुमकसा मे हुई अनेको चोरी करने वाले चोरों तक पुलिस नही पहुंच पा रही है , ,पूर्व में सरपंच ग्राम पंचायत द्वारा नशीली गोली ,गांजा ,शराब के कारोबारियों पर कार्यवाही करने हेतु लिखित ज्ञापन दिया था उसके बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई ,ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने जल्द ही पुलिस अधीक्षक बालोद से मिलकर ग्राम में संचालित अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग करने की बात कही है

अवैध शराब बिक्री पर कोई कार्यवाही नहीं

गौरतलब है देशी शराब दुकान कुसुमकसा में शासन द्वारा पूर्व में लगाये गए लाक डाउन के दरम्यान शासन के द्वारा आन लाइन शराब की बुकिंग करने पर शराब घर पहुंच सेवा का कर्मचारियों ने जमकर माखोल उड़ाया था व घर पहुंच सेवा की डिलीवरी शराब दुकान के पीछे खिड़की से करते रहे , सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा द्वारा राजहरा थाना में लिखित शिकायत करने के बाद भी कार्यवाही नगण्य रही ,व मदिराप्रेमी यो को कोचियों के माध्यम से ऊंची दरों में शराब लेना पड़ा था।

रविवार सुबह लगभग 11 बजे आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के परिसर में खड़ी टाटा 709 वाहन से एक युवक द्वारा बैटरी खोलकर नीचे रख दिया था कि कुसुमकसा बाजार परिसर की सफाई कर रहे युवकों ने देखा की सोसायटी परिसर के अंदर एक युवक गाड़ी से बैटरी निकाल लिया है युवकों ने पकड़ लिया तो आसपास में बैटरी चोरी करने की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचने लगी व चोर पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर ग्रामीण सोसायटी के पास पहुंचने लगे जबकि छुट्टी के दिन होने के कारण सोसायटी परिसर के मुख्य दरवाजा में ताला लगा हुआ था , युवक ने दीवाल फांद कर अंदर जाने की बात कही , युवक के पकड़े जाने पर उसकी तलाशी में पाना व नशीली गोली का दो पत्ता मिलने से उक्त युवक को उक्त गोली का पत्ता कहा से लेने की जानकारी पूछने पर कुसुमकसा के इलेक्ट्रिक दुकान से ही लेने की बात कहते ही उपस्थित ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए सरपंच को जानकारी दी।

रिपोर्ट ठंडे बस्ते में, अब नये मामले में भी भूमिका संदिग्ध

- राईस मिल में पकड़ाया था 432 बोरी चावल, जांच के नाम पर हुई खानापूर्ति

2018 में भी हुई थी राईस मिलर रिजवी के खिलाफ जांच

दंतेवाड़ा। बीते माह गुड़से ले जाने वाले राशन में गड़बड़ी की शिकायत सामने आयी थी, इस मामले की जांच जारी है. इस मामले में ट्रांसपोर्टर के अलावा राईस मिलर शकील रिजवी का नाम भी चर्चा में रहा. इन पर इसलिये सवालिया निशान लगने लगे हैं क्योंकि साल 2018 में भी प्रशासन ने इनके राईस मिल से 432 बोरी चावल पकड़ा था, इस मामले की जांच रिपोर्ट का अब तक पता नहीं है. इधर बीते महीने की राशन गड़बड़ी को छिपाने इन्ही की गाड़ी में राशन गुडसे ज़ेजा जा रहा था, जिसे देर रात एसडीएम ने जारम घाट में पकड़ा था. नक्सल क्षेत्र होने के कारण इस रोड पर रात के वक्त कोई भी गाड़ी नहीं चलती लेकिन राईस मिलर शकील रिजवी की गाड़ी देर रात पकड़ायी थी.

गौरतलब है कि जून 2018 में गीदम के राईस मिलर शकील रिजवी के मिल से 432 बोरी पीडीएस का चावल जब्त किया गया था. ये चावल कारली उचित मूल्य की दुकान ज़ेजा जाना था लेकिन राशन कारली में खाली होने के बजाय राईस मिलर शकील के मिल में जा पहुंचा. एक ग्रामीण की शिकायत पर तात्कालीन खाद्य अधिकारी श्री कंवर ने अमले के साथ मिल में छापेमारी की थी, इस मामले में शकील रिजवी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी और केवल अर्थदंड लगाकर क्लीनचिट दिया गया था. अब एक बार फिर जारम में पकड़ायी गाड़ी में 7098 लॉट का चावल गले का फांस बन गया है. ये चावल सुकमा वेयर हाउस भेजा गया था. सुकमा वेयरहाउस को जितना चावल भेजा गया था वो जस का तस है, ऐसे में सवाल ये उठता है कि अतिरिक्त 22 बोरियां कहां से आई, किस मिल में ये तैयार की गयी. शकील ने पुलिस को ये बयान दिया है कि ट्रांसपोर्टर की गाड़ी खराब होने पर ट्रांसपोर्टर के कहने पर उन्होने अपनी गाड़ी राशन परिवहन के लिये दी, लेकिन जो राशन गुडसे भेजा जा रहा था, उस राशन में 7098 लॉट का का उल्लेख ही नहीं है. वेयर हाउस के कर्मचारियों ने जो लॉट नंबर पुलिस को सौंपे हैं उसमें भी 7098 का उल्लेख नहीं है. यहां बताना आवश्यक होगा कि 7098 लॉट का चावल बकावंड के राईस मिलर द्वारा बराबर मात्रा में सुकमा भेजा गया था. महीने भर से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस और प्रशासन ये पता नहीं कर सके है कि 7098 लॉट की 22 बोरियां कहां बनी और शकील की गाड़ी में 9कैसे पहुंची. माना ये भी जा रहा है कि इस मामले को दबाने बिना इस सवाल का जवाब ढूंढे ही फाईल को लाल फीताशाही में कैद करने की तैयारी की जा रही है.

जिपं सभापति राहुल योगराज टिकरिहा की शिकायत पर कृषि विभाग की कार्यवाही

- जैविक उत्पाद को रासायनिक बताकर किसानों को ठगने वाले कंपनी के कर्मचारी नहीं पहुंचे गोदाम, सील किए गोदाम का ताला तोड़कर अधिकारीयो ने की कार्यवाही

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा जिला सहित प्रदेशभर में नकली कीटनाशक दवाओं की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। दुर्ग की घटना के बाद भी स्थानीय कृषि विभाग के अधिकारियों ने सबक नहीं लिया है। बुधवार को सभापति जिला पंचायत राहुल टिकरिहा की सूचना पर कृषि विभाग ने नकली कीटनाशक दवा से भरे गोदाम को सील कर दिया था। वही कम्पनी के कर्मचारियों के किराए के घर से दो कार्टून कीटनाशक भी जब्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि ग्राम संडी के तीन किसानों ने कृषि विभाग में लिखित शिकायत कराई कि नव किसान बायो प्लांटेक लिमिटेड हैदराबाद कम्पनी के कर्मचारी किसानों को अधिक उत्पादन व माहो प्रकोप को कम करने का दावा कर, नकली कीटनाशक बेच रहे हैं। कम्पनी के कर्मचारी गांव गांव जाकर दवाइयों की बिक्री कर रहे हैं। जानकारी के अभाव में किसान ठगे जा रहे थे जिसकी सूचना सभापति राहुल योगराज टिकरिहा ने कृषि विभाग के अधिकारियों को दी थी।